शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 16, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 11 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर चर्चा, राममय हुई संसद

## सत्तापक्षविपक्ष ही नहीं तटस्थ पार्टियों के सांसदों ने भी अपने-अपने तरीके से भावांजलि देते हुए राम नाम का गुणगान किया



**नई दिल्ली**
बीते कुछ दशकों के दौरान संसद अयोध्या मुद्दे पर कई बार हंगामेदार चर्चा की साक्षी रही है, मगर 17वीं लोकसभा के आखिरी सत्र की अंतिम बैठक के दिन रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हुई चर्चा में अध्यात्म, भक्ति, संस्कृति और शुचिता के भावों की धारा खूब बही। चंद तंज-तीरों को छोड़ राम मंदिर निर्माण की चर्चा सद्भाव के ट्रैक पर ही रही। भगवान राम के तमाम रूपों का कुछ ऐसा गुणगान हुआ कि पूरा सदन राममय नजर आया।

**संसद में हुआ राम नाम का गुणगान**
सत्तापक्ष और विपक्ष ही नहीं, तटस्थ पार्टियों के सांसदों ने भी अपने-अपने तरीके से भावांजलि देते हुए राम नाम का गुणगान किया। रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हुई चर्चा से पहले द्रमुक ने तमिलनाडु के मछुआरों की समस्या उठाने की अनुमति नहीं मिलने के विरोध में वाकआउट कर इसमें हिस्सा नहीं लिया। तृणमूल कांग्रेस के सांसद अंतिम दिन की बैठक के लिए लोकसभा में पहुंचे ही नहीं।

**जय श्रीराम के नारों से गूंजा संसद**
राम मंदिर पर चर्चा के लिए चूंकि सत्र को विशेष रूप से एक दिन के लिए बढ़ाया गया था, इसलिए बैठक शुरू होने के तत्काल बाद भाजपा के सत्यपाल सिंह ने इस पर चर्चा शुरू कर दी। सत्तापक्ष के सदस्यों के जय श्रीराम और जय-जय श्रीराम के नारों की गूंज के बीच सिंह ने राम के अस्तित्व को नकारने का कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए हमला किया, तो विपक्षी खेमे ने इसका प्रतिवाद किया।

**सत्यपाल सिंह क्या कहा**
आजादी के बाद राम मंदिर आंदोलन का इतिहास बताने के क्रम में सत्यपाल सिंह ने दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलजारीलाल नंदा की एक अहम भूमिका का जिक्र कर प्रमुख विपक्षी दल को नसीहत दी।

## 'पूरे देश में 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करें'



**नई दिल्ली**
बीते 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर का उद्घाटन हुआ था। उस दिन रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर पूरे देश में जश्न का माहौल था। अब इस दिन को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की गई है। जदयू के एक सांसद ने शनिवार को सरकार से राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की। बता दें कि पिछले महीने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी मुख्य अतिथि थे।

**22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश की मांग**
लोकसभा में राम मंदिर पर बहस में भाग लेते हुए जदयू सांसद सुनील कुमार पिंटू ने कहा कि 22 जनवरी एक ऐतिहासिक दिन है और इस दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि राम मंदिर की तरह ही मां सीता की जन्मस्थली का उत्थान होगा और वहां भी भव्य मंदिर बनेगा।

**मां सीता का मंदिर बनाने की मांग**
जदयू सांसद ने कहा कि सीता के बिना राम अधूरे हैं और बिहार में माता सीता के जन्मस्थान पर एक भव्य मंदिर का निर्माण किया जाना चाहिए।

## गौरव गोगोई ने राम के रूपों की भावमय व्याख्या की



देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की देश की स्वतंत्रता के मौके पर दिए गए प्रसिद्ध भाषण की एक चर्चित पंक्ति को उद्धृत करते हुए प्राण प्रतिष्ठा से देश की आध्यात्मिक चेतना के बंदिशों से मुक्त होने की बात कही।

**कवि हरिओम पवार की राम पर लिखी कविताओं का हुआ उल्लेख**
राम के स्वरूपों का गौरव गान करने के क्रम में सिंह ने कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, दिनकर और स्वामी विवेकानंद की राम और राष्ट्र चेतना जगाने वाली पंक्तियों का उल्लेख किया। कवि हरिओम पवार की राम पर लिखी कविताओं का उल्लेख तो सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई सांसदों ने किया।

**गौरव गोगोई ने राम के रूपों की भावमय व्याख्या की**
लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने दूसरे वक्ता के रूप में भगवान राम के करुणामयी, निर्मल और त्याग से लेकर लोकहितकारी रूपों की भावमय व्याख्या की। हालांकि, गोगोई ने जब राहुल गांधी को असम में शंकरदेव मंदिर नहीं जाने देने का मुद्दा उठाते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को घेरा, तब भाजपा सांसदों ने शोर-गुल करते हुए पलटवार किया। गोगोई ने यह कहते हुए सत्तापक्ष पर निशाना साधा कि घृणा और हिंसा का भाव रखने वाला राम भक्त हो ही नहीं सकता। उनकी इस टिप्पणी पर कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी मेज थपथपाती नजर आईं।

## 'कानूनी संस्थानों के संचालन के लिए न्यायिक स्वतंत्रता महत्वपूर्ण'

**नई दिल्ली**
अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की न्यायाधीश हिलेरी चार्ल्सवर्थ ने शनिवार को कहा कि कानूनी संस्थानों के संचालन के लिए न्यायिक स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। वह सुप्रीम कोर्ट परिसर में द इंटरनेशनल कोर्ट आफ जस्टिसः ए लीगल फोरम इन ए पालिटिकल एनवायरनमेंट विषय पर दूसरा वार्षिक व्याख्यान दे रही थीं।

**कुलभूषण जाधव मामले में न्यायाधीश हिलेरी चार्ल्सवर्थ ने क्या कहा**
कुलभूषण जाधव मामले में आइसीजे की भूमिका का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हालांकि अंतरराष्ट्रीय अदालत के फैसले से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का समाधान नहीं हुआ, लेकिन कम से कम एक गंभीर समस्या का कानूनी समाधान प्रदान किया।

**पाकिस्तान ने सुनाई थी मौत की सजा**
10 अप्रैल 2017 को पाकिस्तान में फील्ड जनरल कोर्ट मार्शल द्वारा जाधव को मौत की सजा सुनाई गई थी। आइसीजे ने मामले का अंतिम फैसला आने तक उनकी फांसी पर रोक लगा दी। आइसीजे ने कहा था कि पाकिस्तान को कुलभूषण जाधव के मुकदमे और सजा की पूरी प्रक्रिया की समीक्षा करनी होगी और भारत को राजनयिक पहुंच प्रदान करनी होगी।

## 'ज्योतिषी से मिलने हेलीकॉप्टर से जाते थे तरुण गोगोई'

**गुवाहाटी**
असम के मंत्री पीयूष हजारिका ने शनिवार को दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई अपने ज्योतिषी से मिलने के लिए सरकारी खर्च पर हेलीकॉप्टर में सवारी करते थे।

हजारिका ने एक्स पर पोस्ट किया कि मुझे अच्छी तरह याद है कि कैसे दिवंगत तरूण गोगोई अपने ज्योतिषी से मिलने के लिए गुवाहाटी से जगीरोड, नलबाड़ी तक कई बार हेलीकाप्टर से 50 किलोमीटर की यात्रा करते थे।

**कांग्रेस ने नहीं किया भुगतान**
कांग्रेस पार्टी ने कभी भी इन शुल्कों का भुगतान नहीं किया। हजारिका के पास संसदीय कार्य और सूचना एवं जनसंपर्क सहित कई विभाग हैं। कांग्रेस छोड़ने के बाद हजारिका भाजपा में शामिल हो गए थे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के हेलीकाप्टर इस्तेमाल पर स्थगन प्रस्ताव को लेकर लोकसभा सदस्य गौरव गोगोई के नोटिस का जिक्र करते हुए मंत्री हजारिका ने कहा कि यह मेरा अनुरोध है कि गौरव गोगोई अगली बार जब असम के मुख्यमंत्री के हेलीकाप्टर इस्तेमाल पर बोलें तो इस मामले को उठाएं।

## '2030 तक गैर जीवाश्म स्रोतों से पूरी होंगी 65 प्रतिशत ऊर्जा जरूरतें'




**नई दिल्ली**
वर्तमान में भारत की लगभग 44 प्रतिशत ऊर्जा जरूरतें गैर जीवाश्म स्त्रोतों से पूरी होती हैं और 2030 तक इसके 65 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। 2021 में ग्लासगो में आयोजित सीओपी26 में भारत ने एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया था।

**भारत 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का रखा है लक्ष्य**
इसके तहत 500 गीगावाट गैर जीवाश्म बिजली क्षमता का उत्पादन करना, सभी तरह की ऊर्जा आवश्यकताओं का आधा नवीकरणीय ऊर्जा से पैदा करना और 2030 तक उत्सर्जन में एक अरब टन की कमी करना शामिल है। समग्र रूप से भारत का लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करना है और अंततः भारत 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है।

**60-65 प्रतिशत होगा पूरा**
बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि सीओपी26 में हमने इस बात की प्रतिबद्धता जताई थी कि 2030 तक हमारी ऊर्जा जरूरतें 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म स्त्रोतों से पूरी होंगी। हालांकि, जिस गति से हम चल रहे हैं, उससे यह 60-65 प्रतिशत होगा और ऐसे में जो हमने वादा किया था, उससे हम बहुत आगे होंगे। उन्होंने कहा कि भारत में 1,03,000 मेगावाट नवीकरणीय क्षमता निमार्णाधीन है और 71 हजार मेगावाट के लिए बिडिंग चल रही है। ऊर्जा बदलाव की हमारी दर बेजोड़ है।

## ऐतिहासिक अन्यायों को सुधारने के लिए विविधता और प्रतिनिधित्व महत्वपूर्णः चंद्रचूड़



**नई दिल्ली**
भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि विविधता और प्रतिनिधित्व न केवल ऐतिहासिक अन्याय को सुधारने के लिए, बल्कि अदालतों की निर्णय लेने की क्षमता को समृद्ध करने के लिए भी महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के समक्ष उभरते प्रतिनिधित्व ने इसके ऐतिहासिक रूप से मोनोकल्चरल और यूरोसेंट्रिक दृष्टिकोण को विशेष रूप से चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि इसी तरह अदालतों के भीतर लैंगिक विविधता को एकीकृत करने से दृष्टिकोण का दायरा काफी हद तक व्यापक हो जाएगा, जिससे अधिक व्यापक और न्यायसंगत फैसले हो सकेंगे।

**न्यायाधीश हिलेरी चार्ल्सवर्थ का किया स्वागत**
वह 28 जनवरी 1950 को सुप्रीम कोर्ट की पहली बैठक को चिह्नित करने के लिए आयोजित दूसरी वार्षिक व्याख्यान श्रृंखला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की न्यायाधीश हिलेरी चार्ल्सवर्थ का स्वागत किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शीर्ष अदालत ने अपने प्रावधानों को लैंगिक समावेशी बनाने में प्रगति की है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एलजीबीटीक्यूआइए प्लस समुदाय पर न्यायपालिका के लिए एक संवेदीकरण माड्यूल जारी किया, जिसका उद्देश्य न्यायपालिका के सदस्यों को लिंग और यौन विविधता की अवधारणाओं, उचित शब्दावली के उपयोग के बारे में संवेदनशील बनाना है। साथ ही समलैंगिक समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करते समय अदालतों द्वारा अपनाए जाने वाले प्रोटोकाल पर सिफारिशें करता है।

## जल्द ही चांद पर जाएगा भारतीय अंतरिक्ष यात्री, इसरो के साइंटिस्ट ने बताई अहम योजना



**उदगमंडलम**
**इसरो के चंद्रयान-3 मिशन** के परियोजना निदेशक पी. वीरमुथुवेल ने शनिवार को कहा कि 2035 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री को पहुंचाने की भारत की महत्वाकांक्षी योजना सही दिशा में आगे बढ़ रही है। वीरमुथुवेल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इसरो अध्यक्ष पहले ही कह चुके हैं कि 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री को भेजा जाना चाहिए और 2035 तक हमारा अंतरिक्ष स्टेशन भी होना चाहिए। ये बहुत महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं जिन्हें इसरो ने शुरू किया है। हम इन योजनाओं को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

**मिशन के सभी उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया**
चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन माड्यूल को पृथ्वी की कक्षा में वापस लाने में इसरो की सफलता पर वीरमुथुवेल ने कहा, जहां तक चंद्रयान-3 का सवाल है, 'लैंडर' और रोवर मिशन ने सफलतापूर्वक एक चंद्र दिवस पूरा किया। चंद्रमा पर एक दिन पृथ्वी के 14 दिन के बराबर होता है। उन्होंने कहा कि प्रोपल्शन माड्यूल ने मिशन के सभी उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया।

## कर्नाटक में कांग्रेस विधायक के ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई, मनी लांड्रिंग मामले में हुई छापेमारी




**बेंगलुरु**
**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने कर्नाटक में कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी एवं कुछ अन्य के विरुद्ध मनी लांड्रिंग जांच के तहत शनिवार को एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर छापेमारी की। बेल्लारी से 34 वर्षीय विधायक भरत के परिसरों समेत कर्नाटक और तेलंगाना के कुछ अन्य स्थानों पर तलाशी जारी है।

**बेल्लारी और बेंगलुरु में हुई छापेमारी**
केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने बेल्लारी और बेंगलुरु में भरत के ठिकानों पर छापेमारी की। रेड्डी के विरुद्ध मनी लांड्रिंग का मामला कर्नाटक पुलिस द्वारा पंजीकृत एफआइआर पर आधारित है।

## अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली**
संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शहर आबुधाबी में समूचे मध्य एशिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर तैयार हो चुका है। इसका उद्घाटन पीएम नरेन्द्र मोदी करेंगे। पीएम मोदी 13 व 14 फरवरी, 2024 के दौरान यूएई की राजकीय यात्रा पर होंगे। वैसे उनकी इस यात्रा का मुख्य आकर्षण बोचासनवासी अक्षर स्वामीनारायण संस्था (बीपीएएस) की तरफ से निर्मित उक्त मंदिर का अद्घाटन करना होगा लेकिन इसके कूटनीतिक मायने भी काफी व्यापक है। मालूम हो कि पीएम मोदी की यह बतौरी पीएम सातवीं यूएई यात्रा होगी जो भारत के लिए यूएई के बढ़ते महत्व को बताता है। यूएई के प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद के साथ व्यक्तिगत रिश्ते हैं और वह उन्हें भाई कह कह संबोधित करते हैं। यह दोनों नेताओं की एक महीने के भीतर दूसरी मुलाकात होगी।

## आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे वन ट्रिलियनः मुख्यमंत्री



**लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में शनिवार को बजट सत्र के दौरान सदन को संबोधित किया। उन्होंने शायराना अंदाज में विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि 'आपने दिया फेल्योर स्टेट, हमने बनाया सेक्योर स्टेट, अपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे वन ट्रिलियन'। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार टैलेंट, ट्रेडिशन, ट्रेड, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी के मंत्र को अपनाकर मिशन मोड में प्रदेश में विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि एक परिवार एक पहचान योजना के अंतर्गत प्रदेश में अबतक 6 करोड़ 64 लाख लाभार्थियों की फैमिली आईडी की सीडिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है और यह कार्य तेज गति से जारी है।

**नगर विकास का क्षेत्र इकोनॉमिक ग्रोथ के लिए बहुत आवश्यक**
मुख्यमंत्री ने कहा कि हर परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी की व्यवस्था हो तथा 60 प्रकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ हर परिवार को मिले इसके लिए एक परिवार एक पहचान योजना शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में आठ आकांक्षात्मक जनपदों को सामान्य जनपदों की श्रेणी में लाने के प्रयास हो रहे हैं। साथ ही 100 आकाक्षांत्मक विकास खंडों के लिए भी सरकार कार्य कर रही है। इसी तर्ज पर 100 आकांक्षात्मक नगरीय निकायों के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। सीएम ने बताया कि नगर विकास का क्षेत्र इकोनॉमिक ग्रोथ के लिए बहुत आवश्यक है। ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बेहतर प्रयास हमारे द्वारा किये गये हैं।

**नगर पंचायतों में भी स्थापित होंगे आई ट्रिपल सी**
उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण और नये शहर प्रोत्साहन के अंतर्गत टाउनशिप के लिए 3 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है।

इसी प्रकार ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 800 करोड़, राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के लिए 400 करोड़ का प्रावधान किया गया है। पहले चरण में हर नगर निगम और दूसरे चरण में सभी नगर पालिका और तीसरे चरण में प्रत्येक नगर पांचयत को सेफ सिटी, आई ट्रिपल सी की व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि जल जमाव से मुक्ति के लिए अर्बन फ्लड एंड स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज के लिए 1 हजार करोड़ की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित मलिन बस्ती के विकास के लिए 675 करोड़, प्रदेश में शहरी जाम से मुक्ति के लिए 1000 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत फ्लाईओवर, आरओबी बनाए जाएंगे।

# अराजकतत्व धार्मिक स्थलों को बना रहे निशाना

## तंत्र-मंत्र व गड़े हुए धन कि आस में प्राचीन धार्मिक स्थल पर अराजक तत्वों द्वारा धार्मिक चबूतरे की कर डाली गहरी खुदाई





अखंड भारत संदेश

**कौंधियारा।** अराजक तत्व धार्मिक स्थलों को भी बना रहे निशान तंत्र-मंत्र व गड़े हुए धन कि आस में प्राचीन धार्मिक स्थल पर अराजक तत्वों के द्वारा धार्मिक चबूतरे की की गई गहरी खुदाई अराजक तत्वों द्वारा की गई। सुबह ग्रामीणों के द्वारा जब देखा गया तो ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय पुलिस को भी सूचना दी।

पूरा प्रकरण कौंधियारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मैदा ग्राम सभा का है। जहां गांव के दक्षिणी छोर पर गांव की कुलदेवी का प्राचीन धार्मिक स्थल व मंदिर बना हुआ है। वही बुजुर्गों के द्वारा चचाओं में यह भी बताया गया कि उनके पूर्वजों के द्वारा बताया गया है कि मंदिर के टीले व चबूतरे के आसपास प्राचीन काल में धन संपत्ति रखी गई थी। वही इन्हीं चचाओं पर कुछ अराजक तत्वों के द्वारा गड़े हुए धन को पाने की इच्छा में बीती शुक्रवार की रात को अराजक तत्वों के द्वारा कुलदेवी के चबूतरे की खुदाई की गई और मंदिर को भी जगह-जगह नुकसान पहुंचाया गया। जब शनिवार की सुबह गांव के ही कुछ ग्रामीण मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे वहां पर गहरे गड्ढे देखें। गांव के रंजन सिंह के द्वारा बताया गया कि जब वह सुबह देवी के मंदिर दर्शन करने के लिए पहुंचे तो वहां पर गहरे गड्ढे कई जगह पर खोदे गए थे उनके द्वारा कौंधियारा थाने में शिकायत भी की गई। प्रकरण की जानकारी होने के उपरांत चौकी इंचार्ज जारी शैलेंद्र कुमार यादव मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और अराजक तत्वों को जल्द ही पकड़ कर कार्रवाई करने की बात भी कही गई। वही मौके पर मौजूद कुछ ग्रामीणों के द्वारा यह भी बताया गया कि कई वर्ष पूर्व जिलाधिकारी प्रयागराज के नेतृत्व में पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के द्वारा उक्त प्राचीन स्थल का निरीक्षण किया गया था। वही अराजक तत्वों के द्वारा धार्मिक स्थल पर किए गए खुदाई को लेकर लोगों में आक्रोश भी है।

## घर में घुसे चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ कर किया पुलिस के हवाले किया

**कौंधियारा।** कौंधियारा क्षेत्र के कुखुड़ी ग्राम सभा के मजरा हरी का पूरा बस्ती में शनिवार की बीती रात कई घरों को चोरों ने निशाना बनाया। बता दे चार दिन पहले उसी गाँव में एक घर से लाखों का गहना सहित एलेक्ट्रानिक टीवी चोरी हुई थी । शनिवार के बीती रात हरी का पूरा बस्ती में साधना, हरी लाल ,आशीष कुमार, संगम लाल, शिव बालक सहित कई घरों में चोरों ने मोबाइल दो टार्च सहित दस हजार रुपये तथा घरेलू सामान चोरी किया। वहीं चोरी करते हुए चोर को ग्रामीणों ने पकड़ कर चोरी का एक मोबाइल और बाइक अपने कब्जे में लेते हुये पुलिस डायल 112 को सौंप दिया और ग्रामीणों के द्वारा थाने पर पहुंचकर लिखित शिकायत भी की गई। वहीं प्रभारी निरीक्षक कौंधियारा सी पी सिंह के द्वारा बताया की चोर से पुछताछ कर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## प्रतिभावान युवाओं को रोजगार देने में सरकार कृत संकल्पित : अनिरुद्ध सिंह पटेल



**सहसों।** अच्छी शिक्षा एवं युवाओं की प्रतिभा को निखारने तथा प्रतिभावान प्रतिभागी युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार हर तरह से कृत संकल्प है। उक्त बातें छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत बृहद रोजगार मेले के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने कहा। उन्होंने कहा जिसके लिए सरकार द्वारा सभी ब्लॉकों में रोजगार मेले का आयोजन कर उन्हें नियुक्ति पत्र कंपनियों के माध्यम से देकर रोजगार दिया जा रहा है। आयोजित रोजगार मेले में नामी गिरामी 11 कंपनियों ने इस आयोजन में उपस्थित होकर प्रतिभाग करते 310 प्रतिभागी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। जिसमें 191 प्रतिभावान युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर रोजगार दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के जिला समन्वयक राजकीय आई टी आई नैनी के प्रधानाचार्य एस के श्रीवास्तव ने सरकार द्वारा कौशल विकास मिशन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। जिला कौशल प्रबंधन अभिषेक शुक्ला एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुभाष सिंह ने भी उपस्थित युवाओं से कहा कि सरकार की विभिन्न तकनीकी प्रशिक्षण एवं रोजगार परक कार्यक्रमों का लाभ उठाकर आगे बढ़ें और अपना भविष्य उज्जल बनाएं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ राकेश कुमार प्रबंधक मां शांति आई टी आई बाबूगंज ने अपने संबोधन में कहा तकनीकी शिक्षा अर्जित कर युवा अपना भविष्य सवार सकते हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राकेश यादव, शिवनारायण सिंह गप्पू , धर्मेंद्र कुमार सहित भारी संख्या में क्षेत्र के युवक युवतियां उपस्थित रहे।

# प्रोफे. रहस बिहारी को विश्वभारती पुरस्कार की घोषणा से प्रबुद्ध जनों में हर्ष



**करछना।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के प्रतिष्ठित विश्व भारती पुरस्कार 2022 को जागृति मिशन के संरक्षक प्रोफे0रहस बिहारी द्विवेदी को दिए जाने की घोषणा से लोगों में हर्ष व्याप्त है ।शनिवार को रामपुर में हुई मिशन की बैठक के दौरान हर्ष व्यक्त करते हुए संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने कहा कि इससे मिशन के साथ-साथ पूरे यमुनापार और प्रयागराज का गौरव बढ़ा है ।इसके पूर्व भी उन्हे राष्ट्रपति पुरस्कार समेत भारत भारती,महामहोपाध्याय,बाणभट्ट समेत अनेकों पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हो चुकें हैं। उन्होंने यमुनापार के बाल्मिकी रचना प्रेरणा स्थली लकठहा को लेकर मिशन की ओर से शोधपत्र प्रस्तुत किए। जिसके चलते प्रदेश के पर्यटन मानचित्र में उक्त पौराणिक स्थल के अंकित होने से क्षेत्र का सम्मान बढ़ा। बैठक में मौजूद प्रवुद्धजनों, कवियों, कलाकारों ने इसके लिए उन्हे सर्वथा योग्य मानते हुए संस्कृत संस्थान द्वारा उक्त पुरस्कार देने हेतु सराहना की ।लोगों ने कहा कि संस्कृत को आजीवन जन-जन से जोड़ने की पहल को लेकर प्रोफे0 रहस बिहारी द्विवेदी द्वारा रचित कई पुस्तकें वर्तमान समय में देश की अमूल्य थाती हैं ।प्रतिवर्ष जमुनापार महोत्सव में संरक्षक के रूप में उनके द्वारा क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं और नये लेखकों को भी प्रोत्साहित किया जाता रहा। उन्हे यह पुरस्कार मिलने की घोषणा से आज मेजा तहसील के समहन गांव का भी गौरव बढ़ा है। इस मौके पर हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रो0 नीलम्प त्रिपाठी, प्रो0 गिरजा शंकर शास्त्री, प्रो0 सूर्यकांत त्रिपाठी, शशिकर द्विवेदी, डा. राजेंद्र शुक्ल, रामतौल पटेल, संतोष मिश्रा, गांधी जी,राम लोचन सांवरिया, वेद श्रीवास्तव, श्याम लाल बेगाना, अशोक बेशरम, संतोष शुक्ल, जितेंद्र मिश्र, राघवेंद्र मिश्र, मोहन जी शुक्ल, डा. त्रिलोकी सिंह समेत कई प्रवुद्धजन, कवि कलाकार, साहित्यकार शामिल रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से संविदा कर्मी की दर्दनाक मौत, घर में कोहराम

**मांडा।** थाना क्षेत्र के रामपुर सिरिया में मुख्य मार्ग पर लगभग सात बजे रात में अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर घर में कोहराम मच गया है। शनिवार रात लगभग सात बजे साड़ी गांव निवासी पंचम लाल उम्र 28 बिजली विभाग में संविदा पर लाइन मैन के पद पर कार्यरत था कि ड्यूटी से घर लौटते वक्त रामपुर सिरिया में मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया जिससे संविदा कर्मी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इसकी सूचना परिजनों को मिलने पर मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी वहीं मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर समाचार लिखें जाने तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए पुलिस कार्यवाही में जुटी रही । मृतक संविदा कर्मी दो पुत्र व एक पुत्री के पिता हैं। वहीं मृतक की पत्नी सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा था।

# बी टी राजेश तिवारी ने चौपाल लगाकर कृषकों को बोरिंग के लिए किया जागरूक



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** शनिवार को विकास खण्ड मेजा के झाड़ियाही ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर लघु सिंचाई विभाग की पेयजल योजनाओं के बारे में लाभार्थी कृषकों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम का आयोजन झाड़ियाही ग्राम प्रधान राजेश कुमार निषाद ने किया। बी टी राजेश तिवारी चौपाल के माध्यम से उथली बोरिंग, मध्यम बोरिंग तथा गहरी बोरिंग के प्रति कृषकों को विस्तार से बताया। और कह कि उथली बोरिंग 100 फीट के अंदर होती है ।पानी का स्ट्रेटा लेवल 100 फीट के नीचे जा चुका है जिस कारण जिले में इस बोरिंग का कोई लक्ष्य नही है ।मध्यम बोरिंग 7 इंच की होती है जो 200 फीट तक बोरिंग होती है तथा गहरी बोरिंग 9 इंच की होती है जो 300 फिट तक होती है ।वर्तमान समय में ब्लॉक में ज्यादातर मध्यम बोरिंग होने का स्ट्रेटा लेवल उपयुक्त है ।इस बोरिंग के लिए कृषक को 56500 रू० की धनराशि अधिशासी अभियंता के नाम बैंक से डिमाण्ड ड्राफ्ट बनवाकर जमा करना पड़ता है बाकी सरकारी अनुदान के सहित इस बोरिंग को पूर्ण करायी जाती है ।इसी प्रकार मानक के अनुसार गहरी बोरिंग भी कृषक से कुछ पैसे जमा कराके और शेष सरकारी अनुदान प्राप्त कर कृषकों की बोरिंग करायी जाती है साथ ही साथ ब्लास्ट कूप भी विभाग से कृषकों के खेतों की सिंचाई हेतु विभाग से बनाये जाते हैं। विभागीय चेकडैम की उपयोगिता भी कृषकों को बताई गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान झाड़ियाही राजेश कुमार निषाद, बृजेश कुमार शर्मा रोजगार सेवक, सुषमा निषाद पंचायत सहायक, रामनरेश सफाईकर्मी, ललिता देवी समूह सखी, मारुति मणि त्रिपाठी मनरेगा सोशल ऑडिट सदस्य,त्यागी राम सोशल ऑडिट सदस्य, शारदा प्रसाद सोशल ऑडिट सदस्य, सुभद्रा देवी सोशल ऑडिट सदस्य एवं पुरुष कृषक बुद्धराज, रामलोचन, अनिल कुमार, अवधेश कुमार एवं महिला कृषक सुशीला देवी, उर्मिला देवी, राजकुमारी सहित बहुत से पुरुष एवं महिला कृषक उपस्थित रहे।

## पंडित बैजनाथ शुक्ल की स्मृति में अमावस्या पर भंडारे का आयोजन



**प्रयागराज।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अमावस्या के पर्व पर पंडित बैजनाथ शुक्ल की स्मृति में माघ मेला में गंगोत्री शिवाला मार्ग पर गंगा कल्पवास आश्रम के सामने भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के आयोजक कपिल देव शुक्ला ने कहा कि माघ मेले में सेवाभाव से श्रद्धालुओं के लिए पिता जी की पुण्य तिथि पर भंडारे का आयोजन होता है जिसमें हम लोगों द्वारा साधु संतों एवं स्नानार्थियों हेतु भंडारे का आयोजन प्रतिवर्ष करते हैं, अपनी सेवा देते हैं और निस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं के लिए भंडारा की व्यवस्था करते हैं। इस अवसर पर रमेश कुमार शुक्ला, सूर्यमणि शुक्ला, राजा शुक्ला, डिम्पल शुक्ला अजय शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## स्व. माधुरी यादव स्मृति प्रयागराज मंडल हैंडबॉल महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का शुभारंभ

### अपेक्स नैनी ने प्रयागराज को कांटे के मुकाबले में 12 के मुकाबले 13 गोलों से परास्त किया



**नैनी।** नैनी स्वर्गीय माधुरी यादव स्मृति प्रयागराज मंडल हैंडबॉल महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का शुभारंभ महापौर गणेश केसरवानी के द्वारा शनिवार को अभिमन्यु शाखा पार्क नैनी के हैंडबॉल ग्राउंड में स्वर्गीय माधुरी यादव स्मृति प्रयागराज मंडली जिला हैंडबॉल पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी द्वारा किया गया मुक्त प्रतियोगिता में प्रयागराज के अलावा जिला फतेहपुर कौशांबी प्रतापगढ़ व अपाक्स नैनी की पुरुष महिला टीम के कुल 9 टीमों ने प्रतिभा किया उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संग के संयुक्त सचिव अमित पांडे किशन पार्षद पवन यादव पार्षद मयंक यादव पार्षद राकेश जयसवाल डब्बू सिंह जितेंद्र शर्मा उमेश उपाध्याय विजय तिवारी बी एन दीक्षित योगराज मिश्रा अनिल दिक्षित दिलीप यादव सीमा यादव रूबी शर्मा ज्योति मिश्रा पूनम चौरसिया उज्जवल भट्टाचार्य मौजूद रहे उद्घाटन मैच पुरुष वर्ग में प्रयागराज व अपाक्स नैनी के बीच मैच खेला गया जिसमें अपेक्स नैनी ने प्रयागराज को जिला के बीच में हुआ जिसमें अपेक्स नैनी ने प्रयागराज को कांटे के मुकाबले में 12 के मुकाबले 13 गोलों से परास्त किया वहीं अन्य पुरुष मुकाबले में कौशांबी ने फतेहपुर को 22 के मुकाबले में 16 गोलों से जीत दर्ज की तथा कौशांबी ने प्रतापगढ़ को 6 के मुकाबले 10 गोलों से परास्त किया वहीं फतेहपुर ने प्रतापगढ़ को तीन के मुकाबले नो गोलों से परास्त चाहिए वहीं महिला वर्ग में प्रयागराज ने कौशांबी को 26 के मुकाबले 16 गोलों से हराया तथा अपेक्स नैनी ने कौशांबी को 6 के मुकाबले 25 गोलों से शिकायत दी निर्णय के रूप में अनुपम सिंह उपेंद्र मिश्रा सचिन रावत अतुल सिंह वैभव दिक्षित अनिल कनौजिया आदि उपस्थित रहे सचिव कौशल कुमार दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता के फाइनल मैच रविवार दोपहर 2 बजे खेला जाएगा तथा उक्त प्रतियोगिता से राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों का चयन भी किया जाएगा।

## कंपोजिट विद्यालय परवेजपुर में धूम धाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

**मऊआइमा।** कंपोजिट विद्यालय परवेज में सभी कक्षाओं के छात्र छात्राओं द्वारा शैक्षिक उन्नयन तथा सामाजिक उत्थान हेतु नाटक गीत तथा अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रेखा सिंह, वार्षिक उत्सव के मुख्य अतिथि विमलेश कुमार त्रिपाठी खंड शिक्षा अधिकारी मऊआइमा ,तथा संचालन रुद्र प्रताप सिंह जिला महामंत्री जूनियर शिक्षक संघ प्रयागराज ने किया। विद्यालय के प्रधान अध्यापक रूद्रेश कुमार यादव द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत माला पहनाकर तथा बुक देकर किया गया ।इस अवसर मोहम्मद शाईद अब्बासी, नंदलाल पटेल, अरविंद कुमार मौर्य ,शाइस्ता परवीन ,आईफा एहसान , विजय कुमारी ,श्रद्धा पाल, सुमन देवी गीता रानी ,किरण आदि शिक्षक एंव शिक्षिकाएं और गांव के सम्भ्रांत लोग मौजूद थे।



# छात्र लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग जाति धर्म से हटकर करें : अमित पांडेय

## विद्यालय में छात्रों को लोकतांत्रिक अधिकार की दिलाई गई शपथ



**करछना।** शनिवार को क्षेत्र के श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज पटेल नगर अकोंढ़ा कौंधियारा में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को सामूहिक रूप से अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने हेतु शपथ ग्रहण की जिसमे अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए,निर्भीक होकर, धर्म,वर्ग, जाति, समुदाय,भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम के दौरान 'मतदाता के अधिकार' एवं 'मतदान की आवश्यकता पर आवश्यक जानकारी सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को दी गयी जिससे भविष्य में विद्यार्थी अपने मत का प्रयोग आवश्यक रूप से कर सकें साथ ही मतदान न करने के नुकसान के विषय में बताया एवं समस्त विद्यार्थियों को उत्साहित किया कि भविष्य में मतदान आवश्यक रूप से करें।

## हिंसक बंदरों ने आधा दर्जन लोगों को काटकर किया घायल

**सहसों।** बंदरों की झुंड एवं आतंकी बंदरों के आतंक से सहसों सहित आसपास के दर्जनों गांव के लोग जहां खौफजदा हैं। वहीं शनिवार को क्षेत्र के रामनाथ पट्टी गांव में हिंसक बंदरों ने आधा दर्जन लोगों को काटकर घायल कर दिया। ग्रामीण लाठी डंडे लेकर दौड़े तब किसी तरह जान बची। रामनाथपट्टी गांव निवासी सोनू पुत्र बब्बू पाल 20 वर्ष दिव्यांग है। घर के बाहर बैठा हुआ था। इतने में हिंसक बंदर कूद पड़े और काटने लगे शोर मचाने पर लोग लाठी डंडा लेकर दौड़े इतने में उपस्थित दुर्गेश कुमार, पप्पू केसरवानी, मिथिलेश विश्वकर्मा, उमाशंकर यादव, जनक लली आदि लोगों को भी काट कर घायल कर दिया। इतने में ग्रामीण लाठी डंडे लेकर दौड़े तब किसी तरह लोगों की जान बची। फिर भी दिव्यांग सोनू पाल को काटने से गंभीर रूप से घायल है। जिसका उपचार चल रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारी से बंदरों पकड़ने की मांग की है।

## बगहा गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा आज

**मेजा।** बगहा गांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 11 फरवरी को किया गया है। उक्त आशय की जानकारी बगहा प्रधान सितम सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रवचन आचार्य पं राजाराम शास्त्री द्वारा दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक नियमित कुल सात दिनों चलेगा और पूणार्हुति एवं प्रसाद वितरण व भंडारा कार्यक्रम 18 फरवरी को होगा। उन्होंने आस पास गांव के लोगों से इस पावन कथा में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पहुंचने तथा ज्ञान यज्ञ को सुनने और प्रसाद स्वरूप भोज में शामिल होने की अपील किया है।

# जीएसटी रजिस्टेशन के बिना चल रही है बड़ी बड़ी किराना दुकान

## ओरिजनल के नाम पर बेंचा जा रहा है डुप्लीकेट खाद्य पदार्थ व अन्य किराना का सामान

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी** चायल तहसील के तिल्हापुर मोड़ पर इस समय बड़े बड़े धुरन्धर किराना दुकानदार हैं जो बिना जी.एस.टी. रजिस्टेशन के दुकान चला रहे हैं और कम्पनी से मिलता जुलता डुप्लीकेट सामान को बड़े आसानी से ओरिजनल के नाम पर गांव देहात के लोगों को बेंचकर मालामाल हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर गांव देहात के लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं लेकिन इस भ्रष्टाचार के खेल मे कोई भी अधिकारी तनिक भी ठोंस कदम उठाने को तैयार नही है जिसमे क्षेत्रीय लोगों का तो यह भी कहना है कि कुछ दुकानदार तो पहले कुछ दिन के लिये लाईसेंस अथवा रजिस्टेशन बनवाया तो था लेकिन कुछ दिन बाद अधिकारियों को लेन देन करके सरकार को गुमराह करते हुये लाइसेन्स अथवा रजिस्टेशन को बन्द कर दिया गया और डुप्लीकेट खाद्य पदार्थ व अन्य किराना सामान खूब धड़ल्ले से बेंचा जा रहा है इसी तरह अभी कुछ दिन पहले प्रदीप केशरवानी उर्फ पप्पू केराना दुकानदार के यहां भारी मात्रा मे डुप्लीकेट टाटा नमक पकड़ा गया था और ओरिजनल के नाम पर डुप्लीकेट बेंचा जाता था कंपनी की पहल पर मुकदमा दर्ज हुआ था अगर लोगों के बीच चचाओं पर जायें तो एक दुकानदार तो नम्बर दो का सामान नम्बर एक का बनाकर बेंचता है और करोड़ो मे खेल रहा है अब सवाल उठता है कि कब तक बड़े बड़े धुरन्धर दुकानदार डुप्लीकेट खाद्य पदार्थ अथवा किराना सामान बेंचकर भोले भाले जनता का खून चूसकर करोड़पती अथवा धन्ना सेठ बनते रहेंगे आखिर खाद्य विभाग अथवा रसद विभाग आंख मे पट्टी बांधकर ऐसे अनदेखी कब तक करते रहेंगे जो जांच का विषय है।

# आंदोलन की जरूरत : प्रयागराज पहुंचे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा, बुलडोजर चलाने का जिक्र कानून में नहीं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण आज शनिवार को प्रयागराज पहुंचे थे। यहां सिविल लाइंस स्थित शंकर मेमोरियल हॉल में उप्र कांग्रेस कमेटी के विधि विभाग द्वारा आयोजित गोष्ठी में शामिल हुए। सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक न्याय और सजग न्यायपालिका विषय पर आयोजित संगोष्ठी को उन्होंने संबोधित किया। कहा कि ह्लन्यायपालिका का दायित्व है कि वह हमारे मौलिक अधिकारों की रक्षा करे, लेकिन हम देख रहे हैं कि वह मूकदर्शक बनकर बैठी है ह्वउन्होंने कहा कि इस समय वकीलों और आम जनता को न्यायिक सुधार के बारे में सोचना चाहिए। न्याय पालिका को फिर से स्वतंत्र बनाने के लिए खड़ा होना चाहिए। इसके लिए एक आंदोलन किया जाना चाहिए। न्यायपालिका के सारे फैसले करीब-करीब सरकार के हक में जा रहे हैं। सरकार चाहे जो करे उसे होने दिया जा रहा है, चाहे व जितना भी गैर संवैधानिक क्यों न हो। उन्होंने कहा कि किसी भी कानून में नहीं लिखा है कि किसी के घर पर बुलडोजर चलाया जाए।

### अधिवक्ताओं को आना होगा आगे : अनुग्रह नारायण

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने संवैधानिक संस्थाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि न्यायपालिका की भूमिका व न्यायिक सुधार के लिए अधिवक्ताओं का भी सहयोग अपेक्षित है। वरिष्ठ अधिवक्ता वजाहत हुसैन खान, वीडी पांडेय, पीके जैन, रविंद्रसिंह, हरिश्चंद्र दुबे, अतुल श्रीवास्तव, सुशील दुबे, अविनाश वर्मा, जेपी सिंह, एसएम अली, अभिनव त्रिपाठी, प्रदीप मिश्र समेत अन्य मौजूद रहे।

## पुलिस आयुक्त के आदेश पर मऊआइमा में बीस दिन पूर्व हुई चोरी का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बांकाजलालपुर में एक मोबाइल की दुकान में सेंधमारी करके चोरी करने का मुकदमा बीस दिन के बाद पुलिस आयुक्त के आदेश पर दर्ज किया गया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बांकाजलालपुर निवासी राधे सरोज पुत्र कल्लू सरोज बांकाजलालपुर बाजार में मोबाइल की दुकान खोले हुए है।राधे सरोज का आरोप है कि 20 जनवरी की रात उसके दुकान में सेंधमारी करके बीस बडा,दस छोटा मोबाइल, लैपटाप, प्रिंटर अनेकों सामानों सहित पैंतीस हजार रूपया नगदी लगभग ढाई लाख की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर लिया गया। आरोप है कि मऊआइमा थाने में मुकदमा न लिखे जाने पर राधे सरोज ने पुलिस आयुक्त के यहां फरियाद की। जिसपर मऊआइमा पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्वतंत्रता सेनानी डॉ. काशी प्रसाद जायसवाल को भी भारत रत्न दे सरकार

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी के रहने वाले मीडिया प्रभारी राजीव जायसवाल ने यह मांग की है डॉ. काशी प्रसाद जायसवाल समाज के गौरव, अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी के साथ अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान थे। प्रधानमंत्री उन्हें भी मरणोपरांत देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दें।

अखिल भारतीय जायसवाल सर्व-वर्गीय महासभा की इकाई उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव जायसवाल ने यह मांग करते हुए कहा कि उनके जीवन काल में सिर्फ एक उद्देश्य था भारत आजाद हो। प्राचीन इतिहास, विधिवेत्ता, पुरातत्वज्ञ, प्राचीन लिपि मर्मज्ञ, लुप्त इतिहास के अद्भुत विद्वान, मुद्रा शास्त्री, सुक्ष्म अन्वेषण एवं ग्रीक, लेटिन, जर्मन, फ्रेंच, इंग्लिश, चीनी, तमिल, तेलुगू, हिंदी, संस्कृत आदि 35 देशी व विदेशी भाषाओं के जानकार डॉ. काशी प्रसाद ने एमए, डी लिट, बार-एट-ला किया था। उन्होंने




मिजार्पुर में संत हार्डिया बाबा से संस्कृत की शिक्षा प्राप्त की थी। मिजार्पुर के लंदन मिशन हाई स्कूल से 1897 मे मेट्रिक, बनारस के क्वींस कॉलेज से स्नातक एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के पश्चात उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड चले गए। वहां ऑक्सफोर्ड से 1909 में बैरिस्ट्री पास किया। वहां कुछ दिनों के लिए वह एक कॉलेज में चीनी भाषा के लेक्चरर नियुक्त हुए। आक्सफोर्ड में रहते हुए इन्होंने वहां फ्री इन्डिया सोसायटी बनाया। क्रांतिकारी आपस में लंदन के इंडिया हाउस में मिलने लगे। इनके क्रांतिकारी प्रवृत्तियों की जानकारी इंग्लैंड के गुप्तचरों को जानकारी हो गयी तो उन्होंने भारत आकर कलकत्ता हाईकोर्ट में वकालत करना शुरू कर दिया। किन्तु वह ब्रिटिश सरकार की आंखों की किरकिरी बने रहे। इनकी कई पुस्तकें प्रकाशित हुई थी जो देश, विदेश के महाविद्यालयों में पढ़ायी जाती है। मौर्य कालीन सिक्कों एवं महत्वपूर्ण खोजो पर उन्हें विशेष रुप से व्याख्यान देने के लिए सन- 1931 मे एशियाटिक सोसाइटी लंदन में निमंत्रण पाने वाले वह पहले भारतीय थे। इन्हें दूसरा सर एलेक्सजेंडर कहा गया था। उनको डॉक्टर आफ फिलोसॉफी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया था। डॉ. काशी प्रसाद जायसवाल की नई-नई खोजें पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होने लगी, जिनके कारण अंग्रेज इतिहासकारों ने लिखा था कि भारत को राज्य चलाने का अनुभव नहीं है। उन्होंने इसका खण्डन किया तथा भारत के महान अतीत को प्रकाश में लाया था। उन्हें पटना विश्व विद्यालय ने डाक्टर आफ लिटरेचर की उपाधि से भी सम्मानित किया था। डॉ. काशी प्रसाद जायसवाल ने डार्कनेस आफ इंडिया में वर्णन किया है कि भारत मे गुप्तकाल ही स्वर्ण युग रहा है, यह भी साबित किया कि चीन और जापान का आध्यात्मिक गुरु भारत ही था। 1915 में बिहार और उड़ीसा रिसर्च सोसायटी की स्थापना किया जो बाद में डॉ. काशी प्रसाद जायसवाल रिसर्च सेन्टर के नाम से कर दिया गया। उन्होंने अपनी देखरेख में पटना म्यूजियम का निर्माण भी कराया। वर्ष 1926 से लेकर वर्ष 1936 तक वह इसके अध्यक्ष भी रहे। इन्हें वर्ष 1930 में गायकवार्ड स्वर्ण जयंती के अवसर पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया था। इसके पूर्व विश्वकवि रविंद्र ठाकुर और वैज्ञानिक सीपी रमन को भी आमंत्रित किया गया था, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# आशनाई में रंगे हाथ पकड़े जाने पर जलील किए जाने से आहत किशोरी ने की खुदकुशी

**मऊआइमा।** मऊआइमा के भवानीगढ हटिया में एक दलित किशोरी के आशनाई में पकडे जाने तथा अपमानित किए जाने से आहत किशोरी ने खुदकुशी के लिए मजबूत हो गई। मृतका के पिता ने अज्ञात में आत्म हत्या के लिए उक्साने का मुकदमा दर्ज कराया है। कतिपय शरारती युवक गांव छोड़ कर भाग गए हैं। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीगढ हटिया निवासी एक व्यक्ति की पन्द्रह वर्षीय किशोरी का बताया गया है कि ग्राम तिलईबाजार निवासी युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को रात में दोनों के रंगे हाथ पकड़े जाने पर कतिपय युवकों ने जमकर अपमानित किए जिससे आहत होकर किशोरी ने आत्म हत्या कर ली। पुलिस को बिना सूचना दिए शुक्रवार को सुबह बहरिया के रास्ते अन्तिम संस्कार के लिए ले जाते समय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम में आत्म हत्या की बात डाक्टरों ने लिखी है। जिसपर गुजरात से आए किशोरी के पिता ने मऊआइमा थाने में अज्ञातों के खिलाफ आत्म हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया है। बताया गया कि कतिपय युवक गाजियाबाद भाग गए हैं। इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर फिलहाल जांच की जा रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि कोई भी दोषी नहीं छोड़ा जाएगा।

# किन्नर अखाड़े में झुलसे व्यक्ति की मौत,दो दिन पहले माघ मेले के शिविर में लगी थी भीषण आग



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के माघ मेले में स्थित किन्नर अखाड़े में लगी आग से झुलसे व्यक्ति की आज शनिवार को भोर में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसका इलाज स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में चल रहा था। करेली थाना क्षेत्र के करेंदा गांव निवासी राजकुमार उर्फ बेचन मास्टर कई सालों से किन्नर अखाड़े से जुड़ा था। गुरुवार की देर रात वह मेला में ओल्ड जीटी रोड पर बनने किन्नर अखाड़े के शिविर में मौजूद था। तभी भीषण आग लगने वह बुरी तरह से झुलस गया था। इसमें कुल तीन लोग झुलसे थे लेकिन रामकुमार ज्यादा गंभीर हो गया था। कल देर रात उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। वहीं आग से ही दो और लोग झुलसे थे जिन्हें दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया था।

### किन्नर अखाड़े में शोक

किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर व उप्र किन्नर कल्याण बोर्ड की सीनियर मेंबर कौशल्या नंद गिरि (टीना मां) ने बताया कि वह काफी समय से अखाड़े से जुड़े थे। उनके व्यवहार के चलते सभी किन्नर उनका सम्मान करते थे। उनकी उम्र करीब 55 साल थी, हम लोग उन्हें अपना गार्जियन भी मानते थे। उनके निधन से हम सभी निःशब्द हैं। वह किन्नरों के साथ ढोलक जाने का काम करता था। वहीं स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के प्लास्टिक सर्जन डॉ. मोहित जैन ने बताया कि शरीर बुरी तरह से आग से झुलस गया था, उन्हें बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किया गया लेकिन नहीं बचाया जा सका।



# 11 फरवरी से बंद होगा हाईकोर्ट पानी टंकी रेलवे पुल

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट पानी की टंकी के समीप स्थित खुसरो बाग रेलवे पुल की क्षतिग्रस्त होने के कारण जिला प्रशासन ने इसे 11 फरवरी से बंद करने का निर्देश दिया है। बृहस्पतिवार को डीएम कार्यालय के संगम सभागार में हुई बैठक के दौरान डीएम नवनीत सिंह चहल ने लोक निर्माण विभाग को आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा।हालांकि, इस दौरान पुल पर दो पहिया व पैदल आवागमन जारी रहेगा। इसके लिए पुल के दोनों तरफ बैरिकेडिंग की जाएगी। आने वाले दिनों में इसी पुल के बगल स्थित नवनिर्मित रेलवे पुल पर दोनों तरफ का यातायात शुरू किया जाएगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग की मुख्य अभियंता प्रतिनिधि कामिनी कौशल, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड पीके राय, अधिशासी अभियंता नवीन कुमार एडीसीपी यातायात शैलेश सिंह, टैंपो टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी मौजूद रहे।

### 11 फरवरी से बंद होगा हाईकोर्ट पानी टंकी रेलवे पुल

# थाना दिवस पर पार्षद ने दिया बिजली चोरी के अवैध वसूली का प्रार्थना पत्र

**नैनी।** नैनी जमुनापार के कई पार्षद लोग सैकड़ो की संख्या में भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा नरसिंह के नेतृत्व उपखंड अधिकारी हर्ष गुप्ता जेल रोड और अभियंता जेल रोड विपिन यादव व मंगला प्रसाद के खिलाफ थाना दिवस पर बिजली चोरी के अवैध वसूली का प्रार्थना पत्र नैनी इंस्पेक्टर को दिया पार्षद पति वार्ड नंबर 40 ददरी पवन यादव द्वारा बताया गया कि 7 2 2024 को कुछ स्थानीय लोगों द्वारा पता चला कि सुबह 5:30 बजे काअरैल फीडर विभाग के 15/20 लोगों द्वारा क्षेत्र में घरों की फोटो खींचकर ले जाया गया जिसमें नैनी फीडर बिजली विभाग का एक भी कर्मचारी नहीं था उसी दिन दोपहर 1 बजे बिजली विभाग के कुछ लोग आए और लोगों का केबल काटना शुरू कर दिया लोगों द्वारा पूछने पर कर्मचारियों ने कहा कि अवर अभियंता मंगला प्रसाद से बात करिए जब मंगल प्रसाद से कहा गया तो उन्होंने 30 से 35 हजार रुपया की डिमांड किया और बोला अगर पैसे दे दोगे तो फिर एफआईआर नहीं होगा नहीं तो फिर एफआईआर कर दिया जाएगा उसके बाद पार्षद पति पवन यादव ने जब उपखंड अधिकारी जेल रोड से बात किया तो उन्होंने कहा 25 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई है जिसकी



रिकॉर्डिंग पार्षद जी के पास है फिर बाद में पार्षद द्वारा पता किया गया तो जो लोग पैसा दिए उनका एफआईआर नहीं हुआ और जो पैसा नहीं दिए उनका एफआईआर हो गया इसी प्रकार जहांगीराबाद पार्षद रणविजय सिंह डब्बू ने बताया कि उनके यहां अंबेडकर नगर में भी जेल रोड पावर हाउस के अवर अभियंता विपिन यादव अपने संविदा कर्मियों के साथ मिलकर गरीब तबके के लोगों को आए दिन चोरी के खिलाफ मुकदमे लिखता है और यहां कि संविदा कर्मी यही के निवासी हैं और 10 वर्षों के ऊपर एक ही जगह कार्यरत हैं और सरकारी भवन पर भी कब्जा किया और अंबेडकर नगर में विद्युत पोल पर लगे डिब्बे खुलवाकर चोरी की काटिया लगवाते हैं और लाखों रुपए महीना अवैध वसूली अवर अभियंता व संविदा कर्मियों द्वारा किया जाता है जहांगीराबाद पार्षद ने इसकी शिकायत ऊर्जा मंत्री तथा अपर सचिव उत्तर प्रदेश और महापौर से भी किया है जिसकी उच्च अधिकारियों द्वारा जांच किया जा रहा है कई महीने हो गए लेकिन अभी तक उसे पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया है इसके उपरांत सभी पार्षद मिलकर सैकड़ो लोगों के साथ जलकर विभाग नैनी जोन 5 में में भी पहुंचे जहां पर चक रघुनाथ पार्षद राकेश जायसवाल ने फोन पर मुख्य अभियंता जलकर कुमार गौरव से जगह-जगह सीवर के ढक्कन खुले होने की शिकायत किया तथा नगर निगम में ? 90 का रजिस्ट्रेशन पथ विक्रेता स्वनिधि रशीद नगर निगम प्रयागराज के नाम पर ज्योति शुक्ला व दीपा मिश्रा डूडा नगर निगम द्वारा अवैध वसूली के बारे में सभी पार्षद लोगों ने देखा वहां पर रखे हुए रसीद लोगों से 100 से 200 रुपए लिया जा रहा है और रसीद में रिसीविंग एक भी नहीं हुई है इस मौके पर नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य व पार्षद मयंक यादव पार्षद प्रेम शंकर यादव पूर्व प्रधान गुरु प्रसाद राव पार्षद अनुप पासी पार्षद संजय पासी पार्षद बलराज पटेल मनोज सिंह ओम प्रकाश मिश्रा रमेश मिश्रा मृत्युंजय यादव उज्जवल संजय प्रभंजन सोनू इंदल आदि लोग उपस्थित रहे।

## तंत्र मंत्र विद्या से नाम खोलने वाले के कहने पर एक व्यक्ति को चोर बताते हुए दी गई तहरीर

मऊआइमा। मऊआइमा क्षेत्र में बकरी चोरी की घटनाओं से लोग परेशान हैं वहीं एक व्यक्ति की बकरी चोरी होने पर उसने तंत्र मंत्र विद्या से नाम खोलने वाले के कहने पर नामजद तहरीर मऊआइमा थाने में दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम वाजिदपुर निवासी अयोध्या प्रसाद पुत्र सुक्खू की दो बकरी दो दिन पूर्व चोरी हो गई।उसी दिन ग्राम अलावलपुर निवासी हसीन अहमद की बकरी भी चोरी हुई। बताया गया कि सुक्खू ने बकरी चोरी करने वाले का नाम खोलने वाले हंडिया के ग्राम धन्नोपुर में बाकायदा पांच सौ रूपया फीस लेकर इसकी दुकान चलाने वालों के पास गया जहां उसने एक का नाम बताया जिसपर अयोध्या प्रसाद ने नामजद तहरीर मऊआइमा पुलिस को दी।पुलिस ने जब बकरी चोरी करने वाले का पूछा तो उसने बताया कि हंडिया के धन्नोपुर में लगभग एक दर्जन कथित झाड फूंक करने वाले हैं पांच सौ रूपया फीस जमा करा कर टोकेन देते हैं। जिसपर तथाकथित झाड फूंक करने वाले नाम बताते हैं। तांत्रिकों की कथित करतूतों से बेगुनाह लोग आजिज आ चुके हैं।

# अरविंद विश्वकर्मा को मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा का प्रभारी बनाया गया

**प्रयागराज।** अरविंद विश्वकर्मा जिलापंचायत सदस्य भाजपा प्रयागराज को विधानसभा प्रभारी मुंगरा बादशाहपुर बनाया गया। विधानसभा प्रभारी व जिलापंचायत सदस्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो जिम्मेदारी हमे दी हैं, मैं पूरे ईमानदारी और लगन से पार्टी का कार्य करुगा। हमारे जैसे कार्यकर्ता को भारतीय जनता पार्टी द्वारा ह्लमुंगरा बादशाहपुरह्व का विधान सभा प्रभारी का दायित्व प्रदान करने के लिए जिला, क्षेत्र एवं प्रदेश नेतृत्व का हृदय से आभार व धन्यवाद करता हूँ। और विशेष आभार आदरणीय दिलीप पटेल अध्यक्ष भाजपा काशी क्षेत्र संगठन के द्वारा दिए गए दायित्व को पूरी मेहनत और लगन के साथ निभाने के लिए कृत संकल्पित हूँ। क्षेत्र नेतृत्व द्वारा मुझे दिए गए जिम्मेदारियों को



पूरी निष्ठा के साथ करने का भरपूर प्रयास करूँगा व समय समय पर आप सभी के मार्गदर्शन का भी अभिलाषी रहूंगा साथ में स्वयं के माध्यम से संगठन को और मजबूत करने में अपनी पूरी क्षमता लगा दूंगा। आप सभी बड़ो का आशीर्वाद और छोटो का प्यार मुझे हमेशा यूँही मिलता रहे, ऐसी ईश्वर से कामना करता हूँ।

# रेलवे कर्मचारी को मार पीट कर हड्डी तोड दी गई मुकदमा दर्ज एक अन्य स्थान पर भी मार पीट

**मऊआइमा।** बाइक से प्रयागराज जा रहे रेलवे कर्मचारी को मार पीट कर कंधे की हड्डी तोड दी गई। पुलिस ने चार नामजद चार अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।एक अन्य स्थान पर भी मार पीट में दो नामजद किए गए है। प्रतापगढ़ के थाना मान्धाता के पितईपुर निवासी उमाकांत पुत्र सन्त लाल का कहना है कि वह रेलवे में कर्मचारी है। उमाकांत का आरोप है कि वह प्रतापगढ़ से प्रयागराज जा रहा था जब वह मऊआइमा के महमदपुर सराय अली के पास पहुंचा तो अपने दोस्त को देख कर रुक गया। आरोप है कि तभी एक व्यक्ति उससे माचिस मांगने लगा माचिस न होने पर उसे बुरी तरह मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। उमाकांत का आरोप है कि मार पीट से उसके कंधे की हड्डी टूट गई।वह रेलवे हास्पिटल में भर्ती है।उमाकांत ने मऊआइमा थाने में महमदपुर सराय अली निवासी राम पूजन पटेल,सोनू पटेल, महेंद्र पटेल उर्फ मुनीम,राम सिंह तथा चार अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर ग्राम सराय अतन उर्फ नौगिरा निवासी संदीप कुमार पुत्र राम किशोर का आरोप है कि उसके गैर मौजूदगी में उसकी पत्नी शिवकुमारी को मारा पीटा गया। संदीप कुमार ने मऊआइमा थाने में सचिन कुमार, संजय कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# सीएचसी मांडा में पहली बार ऑपरेशन से हुआ बच्चे का जन्म क्षेत्र में खुशी

**अखण्ड भारत संदेश**

**मांडा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडा में पहली बार बीते देर रात 8 फरवरी को डॉक्टरों ने गर्भवती महिला का ऑपरेशन करके सफल प्रसव कराया। ऑपरेशन से महिला ने बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने अस्पताल में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। क्षेत्र में भी यह सूचना आग की तरह फैल गई और लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

बता दे कि मांडा खास निवासी शकुंतला देवी को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों उसे मांडा सीएचसी लेकर आए। जहां पर उसका सामान्य प्रसव नहीं हो सका। इसके बाद सर्जन डॉ.अनिल यादव, एनेस्थीसिया के डॉ उदय प्रताप सिंह, एचसीओ डॉ श्याम सिंह, स्टाफ नर्स प्रेम शिला, व किरण ज्योति, ने आपरेशन करके सफल प्रसव कराया। कहा जा रहा है कि इससे



पहले आपरेशन की स्थिति वाले केस यहां से जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिये जाते थे। इनमें से कई बार हालत गंभीर होने पर तीमारदार जिला मुख्यालय न ले जाकर निजी अस्पतालों में भर्ती कराते थे। जहां पर उन्हें जेवर गिरवी रखकर भारी भरकम रकम देना पड़ता था। सीएचसी अधीक्षक डॉ अजीत सिंह ने बताया कि यह पहला खुशी का मौका है जब सीएचसी मांडा की ओर से जन सामान्य को चिकित्सा की सेवाएं दी जा रही हैं। मुझे खुशी है कि हमारे डॉक्टरों की टीम ने ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया है। वही ऑपरेशन के बाद शकुंतला के परिजनों ने बताया कि डाक्टरों ने जैसे ही ऑपरेशन की बात की थी, तो परेशान हो गए थे। लगा था कि खर्च बहुत आएगा। किस-किस से कर्ज लेंगे, लेकिन तब अधीक्षक साहब आए और कहा कि पैसों की कोई जरूरत नहीं, सीएचसी में ही ऑपरेशन होगा। यह सुनते ही पहले तो उसे विश्वास नहीं हुआ।लेकिन डाक्टरों ने कर दिखाया।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद भरवारी, जनपद-कौशाम्बी

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्तमान नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नं0 16 देहदानी डॉ० राजेन्द्र नगर (गौरा) जिसमें वर्तमान समय में प्रकियाधीन गृहकर / सर्वे के माध्यम से तैयार किये जाने वाले सम्बन्धित वार्ड/मोहल्ले के गृहकर पंजिका (वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24) में विकेता श्रीमती गंगादेवी केशरवानी पत्नी श्री रमेशचन्द्र केशरवानी निवासिनी-गौरा इलाहाबाद (भरवारी), परगना कडा, तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी। हा०मु0-46 भैरवदत्त लेन सलकिया हावरा, हावडा-वेस्ट बंगाल के स्थान पर विकय पंजीकृत बैनामा रटाम्प संख्या IN-UP00680885068619V व आवेदन संख्या 202300885002457 बही संख्या 1 रजिस्ट्रेशन संख्या 2008/2023 दिनांक 03.05.2023 के आधार पर केता श्री अनिल कुमार पुत्र श्री किशोरी लाल (निवासीः वार्ड नं0 16 देड्दानी डॉ० राजेन्द्र नगर मोहल्ला गौरा) का नाम अंकित किया जाना प्रस्तावित है। सम्बन्धित पक्षकारो को गृहकर पंजिका में नामान्तरण कार्यवाही किये जाने विषयक नोटिस निर्गत कर सूचित कर दिया गया है, तथा सम्बन्धित भवन/भूखण्ड पर भी प्रकाशित करा दिया गया है। उपरोक्त प्रकरण में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, ऐसे व्यक्ति विज्ञप्ति प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद भरवारी में उपस्थित होकर लिखित अभिलेखीय साक्ष्यो के साथ आपत्ति दाखिल कर सकते है, अन्यथा सम्बन्धित प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए उपरोक्त भवन /भूखण्ड से सम्बन्धित नामातंरण की कार्यवाही पूर्ण की दी जायेगी। उपरोक्त पकरण में नामान्तरण / संशोधन की प्रकिया वार्ड वार गृहकर / नदनकर के रजिस्टर में नया मकान नम्बर गृहकर हेतु चल रहे वर्तमान सर्वे की प्रकिया पूर्ण होने के पश्चात ही नियमानुसार निर्धारित किया जाएगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद भरवारी कौशांबी।**

पत्रांकः 35 न0पा0परि0भ0/2024 दिनांक 07.02.2024

# केन्द्र सरकार ने महिलाओं को सुरक्षा, सुविधा व सम्मान दिया: हरिप्रताप सिंह

## नारी शक्ति वंदन चाय चर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर नारी शक्ति वंदन चाय पर चर्चा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि हरिप्रताप सिंह नगर पालिका अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता आशीष श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष भाजपा व संचालन सतीश चैरसिया जिला महामंत्री ने किया। मंच पर सुशील उपाध्याय लोकसभा प्रभारी रायसाहब लोक सभा संयोजक सिन्धुजा मिश्रा पूर्व प्रत्याशी कुण्डा, रूची केशरवानी जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, पूनम इंन्सान सदस्य जिला पंचायत, सुमन साहू, और राजेश मिश्र राजन जिला उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में आयी हुई स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ की महिलाओं ने अपने द्वारा किस प्रकार से सरकार के सहयोग से परिवार एवं समाज को मजबूत किया। संस्मरण और प्रशासन से किस प्रकार उनको परेशानी होती है कैसे उनको सुलभ किया जा सकता है इसका सुझाव भी दिया।



कार्यक्रम में बोलते नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

आयी हुई बहनो को सम्बोधित करते हुये हरिप्रताप सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं को सुविधा, सुरक्षा, सम्मान प्रदान किया है। गैस कनेक्शन के लिए उज्ज्वला, जल-जीवन जैसी योजनाओं से महिलाओं के जीवन को सरल बनाया, उन्हें आत्मसम्मान के साथ आत्मविश्वास की भावना भी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने नारी शक्ति को भारत की विकास यात्रा में अग्रणी स्थान दिया है।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि आयी हुई सभी नारी शक्ति को यह आश्वासन देता हूँ कि भविष्य में आप सभी को प्रसासनिक किसी भी प्रकार की परेशानी नही होगी इसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी से बात होगी आप सभी इसी प्रकार से अपने समाज को प्रधानमंत्री जी को मजबूत करें और दूसरी बहनो के लिये प्रेरणा बने कि वो भी आप की तरह अपने परिवार को प्रगति के पथ पर ले जाये। लोक सभा प्रभारी सुशील उपाध्याय ने कहा कि भारत देश में नारी को सदैव शक्ति रूपा के रूप में पूजा गया है और इस देश को दिशा देने का काम किया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पिंकी दयाल, सारिका श्रीवास्तव, वंदना त्रिपाठी, सुमन यादव, राघवेन्द्र शुक्ल, अनुराग मिश्र, रामजी मिश्र, देवराज नन्दन ओझा पंकज सिंह सहित सैकडां महिलाये उपस्थित रहीं।

# धूमधाम से मना मां भवानी का 23वां स्थापना दिवस

## शास्त्री ने वेदों मंत्रोच्चारण के साथ किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मिश्रपुर मे स्थापित मातारानी का 23वां स्थापना दिवस शनिवार को बड़ी धूम धाम के साथ सम्पन्न हुआ। शास्त्री जीतलाल तिवारी ने मातारानी के परम भक्त यजमान श्रीमती निर्मला देबी व पत्नी शिवशकर ओझा स्वामी बिनापूजानंद महराज से वेदो मंत्रोच्चारण के साथ पुजन अर्चन कराकर कार्यक्रम को सम्पन्न कराया।

इसमें छोटी छोटी अनगिनत कन्याओ को वस्त्र बर्तन दक्षिणा देकर यजमान ने आशीर्वाद लिया कन्या भोजन के बाद भंडारा का आयोजन किया जिसमे आसपास व दूर दराज के श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया और माता रानी से परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया कार्यक्रम मे सहयोग करने वालो मे माता रानी के परम भक्त मनोज कुमार उर्फ. गुड्डू ओझा प्रधान प्रतिनिधि एव समाज सेवी, राकेश कुमार ग्राम प्रधान मिश्रपुर, रामकृष्ण सिंह, ब्रजेश तिवारी दिवाकर तिवारी, राम अचल तिवारी, भगौती पटेल बीडीसी, जोखू प्रजापति, सुधांशु मिश्रा, कृष्णलाल ओझा, निखिल द्विवेदी, लाल कृष्ण तिवारी, प्रमोद ओझा, विनोद उर्फ. गफूरे ओझा, श्रीधर ओझा आदि लोग रहे।धूमधाम से मना मां भवानी का 23वां स्थापना दिवस



माता रानी के मंदिर में मौजूद कन्याएं।

# पर्यवेक्षक व निदेशक ने बोर्ड परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बोर्ड परीक्षा 2024 हेतु नामित पर्यवेक्षक दिनेश सिंह, निदेशक सीमेंट प्रयागराज द्वारा जनपद के बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण किया गया। उनके साथ सरदार सिंह उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित लाईजेन अफसर के रूप में डॉ विंध्याचल सिंह एवं डॉ मोहम्मद अनीस रहे। जनपद के बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को महत्वपूर्ण परीक्षा संबंधी टिप्स और दिशा निर्देश प्रदान किया जैसे स्ट्रांग रूम में डबल लॉक दो अलमारियां सुरक्षित रहे सीसीटीवी कैमरा और वॉइस रिकॉर्डर हमेशा क्रियाशील रहे। इसके अलावा विद्यालय के कक्षाओं की व्यवस्था सीटिंग प्लान और विद्यालय की मूलभूत व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम विकास इंटर कॉलेज देल्हूपुर प्रतापगढ़, मॉडर्न साइंस इंटर कॉलेज जोगापुर प्रतापगढ़, अब्दुल कलाम इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, श्रीराम बालिका इंटर कॉलेज चिलबिला प्रतापगढ़, रंगनाथ जगतपाल द्विवेदी इंटर कॉलेज रामपुर कोहंडौर प्रतापगढ़, बृजेंद्रमणि इंटर कॉलेज कोहंडौर प्रतापगढ़ सहित दर्जनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षाकेंद्रो की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त पाई गई।

# सरकारी जमीनों पर किये गये अवैध कब्जों को हटाया जाए: जिलाधिकारी

## डीएम-एसपी ने थाना समाधान दिवस पर कोतवाली पट्टी में सुनी फरियादियों की समस्याएं

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली पट्टी में पहुॅचकर दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिये।

थाना समाधान दिवस में कुल सात शिकायतें प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पुलिस विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के सम्बन्धित शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करायें। थाना समाधान दिवस में दिव्यांग शिकायतकर्ता राज बहादुर निवासी भिटार ने शिकायत किया कि पड़ोसी लालजी द्वारा नल लगाने नही दिया जा रहा है जबकि प्रार्थी अपनी ही भूमि पर नल लगा रहा है इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने लेखपाल रवीन्द्र प्रताप सिंह को निर्देशित किया कि तत्काल मौके पर जाकर शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण करायें। जिलाधिकारी ने लेखपालों को निर्देशित किया कि जिन सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे किये गये है उसे खाली कराया जाये, इसमें लापरवाही न बरती जाये। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई के दौरान जो शिकायतों प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराया जाये ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि जो फरियादी भी अपनी समस्या लेकर आये उनकी शिकायतों को गम्भीरता से सुनें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि पुलिस थाने में आये हुये फरियादियों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करें, उनकी शिकायतों को सावधानीपूर्वक सुने तथा जल्द से जल्द उनकी शिकायतों का निस्तारण करायें। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी व राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



पट्टी कोतवाली में समस्याएं सुनते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

## थाना समाधान दिवस में आयीं दो शिकायतें, निस्तारण शून्य

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में शनिवार को कोतवाली परिसर में फरियादियों की समस्याओं पर सुनवाई हुई। कोतवाल अवन दीक्षित ने समस्याओं पर सुनवाई किया। थाना समाधान दिवस पर कुल दो शिकायतें आयीं। जिसमें मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नही हो सका। कोतवाल ने मातहतों से पारदर्शितापूर्ण समस्याओं के निस्तारण तथा सतर्कता से पुलिस गश्ती पर कार्य करने की नसीहत दी। इस मौके पर दरोगा दीपक यादव, कबीर, ज्ञानप्रकाश तिवारी, संतोष गिरि आदि मौजूद रहे।

# कक्षा-9 व 11 के लिये 535 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा शनिवार को राजकीय इंटर कालेज में सम्पन्न हुई, जिसमें कक्षा-9 में मात्र तीन सीट के लिये 500 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि कुल पंजीकृत अभ्यर्थी 661 थे। इसी प्रकार कक्षा-11 के लिये जिसकी प्रवेश की सीटें अभी निश्चित नहीं हैं, 60 अभ्यर्थी पंजीकृत थे जिसमें से 35 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। बता दें कि कक्षा-6 की प्रवेश परीक्षा पहले ही सम्पन्न हो चुकी है। आज कक्षा-9 व 11 की प्रवेश परीक्षाएं सम्पन्न हुई हैं, जिसमें कुल 535 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। परीक्षा संचालन में राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य ने अपने शिक्षकों को लगाया था। जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह ने इस परीक्षा केन्द्र का जायजा लिया।

# न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

## छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में कक्षा-12 के छात्र छात्राओं को कक्षा 11 के छात्र छात्राओं की ओर से विदाई दी गयी। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजा एवं चित्रा द्वारा गणेश वन्दना से हुई।

फिर प्राइमरी विंग के दीप्ति, आस्था, आराध्या, सोनाक्षी, सिद्धि, मंजू, सनाया, रिद्धि, श्रेया, अंशिका, समृद्धि, कासिम, शिवांश, दिव्यांश, आयुष्मान, आचमन, अंश, सर्वेश, रुद्र, कौषटुभ आदि ने सुन्दर ऐक्शन के साथ दुश्मन है सारा जमाना कव्वाली प्रस्तुत किया। जूनियर वर्ग की चित्रा, अल्फिया, श्रेयांशी, और फिजा ने ह्लअफगान जलेबी गीत पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 11 की छात्राओं ने कश्मीर तू मैं कन्या कुमारी ने भी। गीत पर मनमोहक नृत्य किया कक्षा 12 के छात्रों ने पेपर डान्स प्रतियोगिता में भाग लिया और विजयी छात्र हर्ष त्रिपाठी, रिजवान हैदर को पुरस्कृत किया गया। म्युजिकल चेयर में छात्रा वैश्नवई दुबे को पुरस्कृत किया गया। कक्षा-11 की निष्ठा शुक्ला ने साथिया गीत पर क्लासिकल नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 11 की कलश, शाम्भवी, काव्या, इशिका, छवि, प्रत्यूषा ने विदाई गीत प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य बी के सोनी ने कहा आप सब खुली आंखों से सपना देखिये वो सपने जो आपको सोने न दें पांच साल कड़ी मेहनत और संघर्ष आपके सारे जीवन को सफल बनाएगा। प्रबन्धक डॉ शाहिदा ने शुभकामनाओं के साथ कहा कि जिन्दगी इम्तिहानो से भरी पड़ी इण्टर की परीक्षा अच्छे नम्बरों से पास करने के बाद आपको अनेक परीक्षाएं देनी होगी। कड़ी मेहनत दृढ़ संकल्प और पक्का इरादा ही सफलता की कुंजी है।



न्यू एंजिल्स सीसे0 स्कूल के विदाई समारोह में मौजूद प्रतिभागी व शिक्षकगण।

## डाल्फिन पब्लिक स्कूल में हुआ विदाई समारोह का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** डाल्फिन पब्लिक स्कूल छींटपुर, दिलीपपुर परिसर में आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में अग्निशमन दल प्रभारी अतुल त्रिपाठी एवं राधेश्याम दुबे मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे। विद्यालय के प्रबंधक अनिल त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्य मनोज त्रिपाठी ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

# शिवजीपुरम में स्वामी इंदिरा रमणाचार्य का हुआ स्वागत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रामानुज आश्रम संत रामानुज मार्ग शिवजीपुरम प्रतापगढ़ में दास की कुटिया पर परम पूज्य गुरुदेव नारायण श्री श्री 1008 स्वामी इंदिरा रमणाचार्य पीठाधीश्वर श्री जीयर स्वामीमठ जगन्नाथ पुरी एवं पीठाधीश्वर श्री नैमिषनाथ भगवान रामानुज कोट अष्टंम भू बैकुंठ नैमिषारण्य अपने परिकरों के साथ आए। इस अकिंचन दास पर आपकी अति कृपा हुई। दास एवं नारायणी रामानुजदासी तथा पुत्र विश्वम प्रकाश पांडे एवं पुत्रवधू इं पूजा पांडे द्वारा स्वामी जी सरकार का पाद्य प्रछालन करके श्री पाद्य तीर्थ लिया गया, तत्पश्चात पंडित आलोक ऋषि वंश के नेतृत्व में वेदपाठी ब्राह्मण के मंत्र वाचन के मध्य आपको अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से परम पूज्य स्वामी राम प्रपन्नाचार्य प्रधान पुजारी श्री नैमिष नाथ भगवान आचार्य अमन आचार्य राजीव लोचन आचार्य अंकित डॉक्टर अवंतिका पांडे एवं चंचल पांडे राकेश सिंह सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।



स्वामी इंदिरा रमणाचार्य का स्वागत करते रामानुजदास।

# अनियंत्रित कार के पेड़ से टकराने से मासूम की मौत, चार घायल

## अयोध्या से श्रीरामलला के दर्शन करके घर लौट रहा था परिवार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** झपकी आ जाने से अनियंत्रित हुई कार कस्बे में एक पेड़ से टकराने के बाद हाइवे किनारे बने एक मकान में जा घुसी। हादसे में कार सवार मासूम की मौत हो गयी। वहीं कार पर बैठे चार लोग घायल हो गये। घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया गया।

लालगंज कोतवाली के करनराय पूरे जोधा निवासी सैंतीस वर्षीय रवीश कुमार श्रीवास्तव अपनी पत्नी प्रीती 35 व पुत्री शिवी 04 तथा एक माह के मासूम पुत्र बाबू एवं भाई प्रकाश श्रीवास्तव 32 और नगर कोतवाली के टेऊंगा निवासी चैतीस वर्षीय अंकुर श्रीवास्तव के साथ शुक्रवार को निजी कार से अयोध्या स्थित श्रीराम मन्दिर दर्शन करने गये थे। वहां से रात में घर लौटते समय लालगंज कोतवाली के प्रतापगढ़ रायबरेली राजमार्ग पर संगम चैराहे के पास रात करीब ढ़ाई बजे कार चला रहे रवीश श्रीवास्तव को अचानक छपकी आ गयी। जिससे कार अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे पेड़ से टकराती हुई एक घर में जा घुसी। हादसे में मासूम बच्चे बाबू की मौत हो गयी। वहीं पांच लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया गया। जहां घायल अंकुर, प्रकाश व प्रीती की हालत गंभीर बनी हुई है। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि चालक को झपकी आ जाने से हादसा हुआ। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कमासिन से अयोध्या के लिए नई रोडवेज बस सेवा शुरू

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कमासिन से कटरा गुलाब सिंह वाया अयोध्या होते हुए वापस प्रतापगढ़ के लिए मेहदावल मेल के मंडल प्रभारी सुनील त्रिपाठी के प्रयास से रोडवेज विभाग के अधिकारियो ने यात्रियों को अयोध्या आने व जाने के लिए सीधे बस सेवा शुरू कर दी है जो कमासिन से कटरा गुलाब सिंह अयोध्या होते हुए वापस प्रतापगढ़ आएगी जिसको शनिवार की सुबह अयोध्या के लिए चलाया गया।

बस के चलने से अब कमासिन कटरा गुलाब सिंह के यात्रियों को अयोध्या आने जाने के लिए परेशान नही होना पड़ेगा बस की सीधी सेवा मिल जाने से सभी गद गद दिखाई दे रहे हैं। आगे चलकर रोडवेज बस को प्रयागराज तक चलाने की बात बस के कंडक्टर व ड्राइवर कह रहे हैं। उक्त मार्ग पर कोई रोडवेज बस नही चल रही थी। इस मौके पर समाजसेवी राम प्रकाश तिवारी ननकऊ सोहगौरा, उर्फ, राकेश तिवारी, राजकुमार तिवारी, मुकेश त्रिपाठी अध्यापक, अरविंद त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी, ललित त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी, शारदा भाई, अम्बिका तिवारी, अरुण तिवारी, कल्पना तिवारी, अनिलेश तिवारी, रमेश ओझा, शिव प्रसाद ओझा, शिवम् मिश्रा, दशरथ तिवारी, रमाशंकर ओझा, राजू शुक्ला पुजारी, आशुतोष ओझा, अमित पांडेय अकोढ़ी, रोहित पांडेय, अंशू तिवारी, वैभव तिवारी, राहुल त्रिपाठी, मोहन तिवारी, विवेक त्रिपाठी, संतोष अग्रहरि, हजारी, रामू पांडेय दुकानदार उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश को हुई मारपीट, एक घायल

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बक्सा का बाग आलापुर मे शनिवार की सुबह पुरानी रंजिश व आपसी विवाद को लेकर गाव की विद्या देवी को गांव के आधा दर्जन लोगों ने एकजुट होकर लाठी डंडा से विद्या के ऊपर हमला बोल दिया। अपनी मां को बचाने के लिए दौड़ा प्रियांशु पुत्र प्रमोद मारपीट मे घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह अपने हमराही मिथलेश व अन्य सिपाही के साथ मौके पर पहुँचे पुलिस के पहुंचने पर आरोपियों मे हफकंप मच गया। पुलिस ने घायल प्रियांशु को उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर भेजा। तहरीर मिलने पर पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस की कार्रवाई से आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# शिविर में रक्ताल्पता के प्रति किया जागरूक, छात्राओं ने पूछे सवाल

## भारत विकास परिषद् विशाल के तत्वाधान में श्रीराम बालिका विद्यालय में लगा शिविर

**प्रतापगढ़।** भारत विकास परिषद् विशाल शाखा के तत्वधान में शनिवार को श्रीराम बालिका इंटर कॉलेज चिलबिला में सरोजिनी नायडू के जन्म दिवस को महिला दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर रक्ताल्पता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें

डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज की ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. दीपिका केसरवानी, असिस्टेंट प्रोफेसर मेडिकल कॉलेज डॉ. रश्मि यादव ने छात्राओं और स्कूल की महिला स्टाफ को रक्ताल्पता के बारे में विस्तार से जागरूक किया। छात्राओं की तरफ से पूछे गए सवाल का जवाब देकर दोनों डाक्टरों ने उन्हें संतुष्ट किया। इस मौके पर महिला संयोजिका कविता केसरवानी, उदयभानु सिंह, गोविन्द खण्डेलवाल, स्का सक्रिय योगदान रहा। अध्यक्षता गिरजा शंकर मिश्रा ने की।

# कुंडा में आज 101 गरीब कन्याओं का होगा सामूहिक विवाह

## दुल्हन की तरह सजा विवाह मंडप

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** योगी देवरहा बाबा ट्रस्ट द्वारा राजा भैया की अगुवाई में 1995 से लगातार प्रत्येक वर्ष सामूहिक विवाह का आयोजन राजा भैया यूथ बिग्रेड के सचिव एव राजा भैया के प्रतिनिधि हरिओम श्रीवास्तव की देख रेख मे किया जाता है जिसकी तैयारी मे कार्यकर्ता दिन रात जुटे हुये हैं।

कन्या पक्ष के बारातियों की ठहरने की व्यवस्था रानी गिरजा देबी इंटर कालेज मे किया गया है सामूहिक विवाह में 101 गरीब कन्याओ मे दो जोड़े मुस्लिम भी शामिल है जिनका निकाह कराया जायेगा। सामूहिक विवाह में लड़का पक्ष के आने वाले सभी बारातियों का स्वागत राजा भैया व गोपाल भैया करेंगे। सभी कन्याओं को 74 प्रकार के उपहार भेट किये जायेगे। सामूहिक विवाह का आयोजन बजरंग डिग्री कालेज व टीपी इंटर कालेज मे किया जाएगा।सामूहिक विवाह की पुरी निगरानी जनसत्तादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया व एम एल सी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल भईया स्वयं कर रहे हैं। इस सामूहिक विवाह मे अब तक 1280 जोड़ों की शादी हो चुकी है। सभी विवाहित जोड़े सुखमय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। सामूहिक विवाह कार्यक्रम की व्यवस्था की निगरानी एसपी सतपाल अंतिल के निर्देश पर एडीशनल एसपी व सीओ कुंडा के साथ कोतवाली प्रभारी मानरिटिंग कर रहे है जिससे राजमार्ग पर से गुजरने वाले वाहनो को परेशानी न हो सामूहिक विवाह के कार्यक्रम को भव्य रूप से सम्पन्न कराने के लिए कुंडा, बाबागंज व कालाकांकर के राजा भैया यूथ बिग्रेड के कार्यकर्ता व पदाधिकारी पुरी जी जान के साथ लगे हुए हैं।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना चरवा में सुनी जनशिकायतें



## राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के दिये निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना चरवा में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस रजिस्टर की जॉच करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को प्रतिदिन जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों को रजिस्टर में अंकित कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने उप जिलाधिकारी चायल सौम्य मिश्र एवं तहसीलदार को अपने क्षेत्र के समस्त बूथ का निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं यथा-पेयजल, रैम्प एवं प्रकाश आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित लेखपालों को राजस्व से सम्बन्धित सभी शिकायतों को मौके पर जाकर निस्तरित करने के निर्देश दिए। थाना चरवा में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 01 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिए इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चायल सौम्य मिश्र एवं क्षेत्राधिकारी चायल मनोज कुमार सिंह रघुवंशी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस पर नायब तहसीलदार व एसओ ने फरियादियों की सुनी समस्या

**कोखराज कौशाम्बी** थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोखराज थाना समाधान दिवस में नायब तहसीलदार संजय सिंह व एसओ इन्द्र देव ने थाना समाधान दिवस में फरियाद लेकर पहुंचे फरियादियों की समस्याओ को सुना उन्होंने फरियादियों की शिकायत को समस्या को हल करने हेतु थाना और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर निस्तारित करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारित किया जाए 10 लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई गई जिसमें पाँच शिकायतों का मौके निस्तारण किया गया थाना समाधान दिवस के अवसर पर इंस्पेक्टर राकेश कुमार,राजस्व विभाग के कानून गो सुरेन्द्र सिंह , कानून गो सोहन लाल सिंह,लेखापाल,लोक नाथ



पांडेय,दिलीप कुमार, देवेंद्र सिंह,सुमित केशरवानी, अमन सिंह पटेल,पूनम मौर्य, नित्यापाल, अनुराधा वर्मा, मानसिंह, पवन राय आदि लोग मौजूद रहे इस मौके पर तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहें।



## महामाया में मतदाता जागरूकता रैली नुक्कड़ नाटक स्लोगन प्रतियोगिताओ का आयोजन

**कौशाम्बी** महामाया राजकीय महाविद्यालय में शनिवार दिनांक 10 फरवरी को मतदाता जागरूकता के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की अभिलाषा, नव्या ,कामिनी ,अंजलि, पूनम ,राधिका एवं सपना आदि छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता को बढ़ाने हेतु नुक्कड़ नाटक का सचित्र प्रदर्शन किया गया। साथ ही हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ अजय कुमार के नेतृत्व में एवं रंजीत कुमार ,ओम केसरवानी, दीपक कुमार एवं मितेश आदि छात्रों ने मिलकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। इस दौरान प्राचार्य ,महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी द्वारा हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया गया यह रैली यूसुफुपुरारा होते हुए ओसा चौराहे पहुंचकर पुनः महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई इस कार्यक्रम में डॉ अनिल कुमार ,डॉ अजय कुमार ,डॉ नीलम बाजपेई ,डॉ भावना केसरवानी ,डॉ रीता दयाल, डॉ पवन कुमार, डॉ अमित कुमार शुक्ल, डॉ शैलेश मालवीय, अजय कुमार ,दिलीप बाबू एवं पिंटू आदि उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 3 साल की अवधि पूर्ण करने वाले कांस्टेबल, हेडकंस्टेबल के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन

**कौशाम्बी** जिले में विभिन्न थाना क्षेत्रों एवम पटलो पर तैनात 266 कांस्टेबल,हेड कांस्टेबल,महिला कांस्टेबल को आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत 31.07.2024 तक समयावधि 03 वर्ष पूर्ण होने पर उनके तैनाती स्थलों में परिवर्तन किया गया है लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 266 पुलिस कर्मियों को प्रशासनिक व्यवस्था के कुशल संचालन के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से उनके नाम के सम्मुख अंकित स्थान पर तत्कालिक प्रभाव से स्थानांतरित /नियुक्त/ संबद्ध किया जाता है।

**2021 बैच के पुलिसकर्मियों को 6 माह के लिए पुलिस लाइन भेजा गया :**

**कौशाम्बी** जिले में विभिन्न थाना,चौकियों में तैनात 2021 बैच के पुलिसकर्मियों को 6 माह के पुलिस लाइन भेजा गया। 2021 बैच के तमाम पुलिस कर्मियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित थानों/चौकियों से व्यवहारिक प्रशिक्षण हेतु 06 माह के लिए पुलिस लाइन स्थानांतरित नियुक्त किया जाता है।

# जांच टीम को मिला कटैया घाट पर अवैध खानन चार पोकलैंड मशीन सीज पट्टा धारक पर मुकदमा दर्ज

कौशाम्बी जिला सूचना अधिकारी ने अवगत कराया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से ग्राम कटैया में बालू/मोरम का अवैध खनन किये जाने की प्राप्त सूचना प्राप्त होने पर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार ग्राम कटैया में संचालित खनन पट्टा क्षेत्रों की संयुक्त जॉच उपजिलाधिकारी, चायल, क्षेत्राधिकारी (पुलिस) चायल, तहसीलदार चायल व खान निरीक्षक, कौशाम्बी एवं प्रभारी निरीक्षक /थानाध्यक्ष सरांय अकिल तथा चौकी इंचार्ज कनैली मय पुलिस बल द्वारा की गयी। जाँच के दौरान पाया गया कि ग्राम कटैया में मै0 अमन ब्रिक फील्ड प्रो० श्री जावेद अली के पक्ष में खण्ड संख्या-10/19 से 10/21 रकबा 10.00 हे० स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र के बाहर उत्तर दिशा की ओर लगभग 50 मीटर की दूरी पर पट्टाधारक श्री जावेद अली द्वारा पोकलैण्ड मशीन व जेसीबी के माध्यम से बालू/मोरम का अवैध खनन करते पाया गया है, जिसकी मौके पर पैमाइस की गयी। पैमाइस के दौरान पाया गया कि प्रश्नगत क्षेत्र की लम्बाई लगभग 65 मीटर, चौड़ाई लगभग 35 मीटर व औसत गहराई लगभग 0.6 मीटर , इस प्रकार कुल मात्रा लगभग 1365



घन मीटर का अवैध खनन हुआ पाया गया तथा इससे सटे क्षेत्र में स्थिर जलभराव से खनन किये जाने के चिन्ह पाये गये। इसके अतिरिक्त जॉच के समय मौके पर 04 पोकलैण्ड मशीन (स्कावेटर) जिसका चेचिस नम्बर / सीरियल नम्बर कमशः (1.) SANY (SY215C-9LC) SY021CE0134D8 (2.) HYUNDAI(ROBEX) HYNDN633UE0007052 (3.) TATA (HYUNDAI) EX210LC SUPER+ 4. JCB (J5205SC) PUNJ020BPJ2751540) अवैध खनन में संलिप्त होने के कारण थाना सरांय अकिल की अभिरक्षा में दिया गया है। पट्टाधारक का यह कृत्य खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4 व 21 तथा उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2021 के नियम-3, 42 (ज), 58 व 72 का उल्लंघन एवं दण्डनीय अपराध है। खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4 व 21 तथा उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2021 के नियम-3, 42 (ज), 58 व 72 का उल्लंघन किये जाने के कारण पट्टाधारक के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# एनडी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में राष्ट्रीय जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

**कौशाम्बी।** भारतीय लोकतंत्र के महत्वपूर्ण समय में, राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एनडी स्कूल ने एक सकारात्मक कदम उठाया है। इस अभियान के माध्यम से छात्रों को मतदाता के महत्व के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया गया।इस अभियान के अंतर्गत, विद्यालय में जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। स्कूल के छात्रों को मतदान के महत्व और प्रक्रिया के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया है।छात्रों को इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया है ताकि वे अपने देश के लिए जिम्मेदारी पूर्ण नागरिक बन सकें। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ मयंक कुमार मिश्रा ने कहा कि हमारे अभियान का उद्देश्य है कि हमारे छात्र वास्तविक लोकतंत्र में अपनी भूमिका को समझें और अपने मतदान का महत्व समझें। इस प्रयास में हमारे स्कूल ने समाज में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह अभियान हमें एक सशक्त और समर्थ लोकतंत्र की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाने में मदद करेगा।अतः हम सभी छात्रों को अपील करते हैं कि वे इस अभियान में सक्रिय भाग लें। यह हमारा कर्तव्य है और हमें इसे समझना चाहिए कि हमारे मतदान से हमारे देश का भविष्य निर्धारित होता है। इस जागरूकता अभियान में डॉ सचिन त्रिपाठी, नितेश सिंह, रणजीत सिंह, अंबुज श्रीवास्तव नारायण, शैलेंद्र सिंह, मयंक जायसवाल, प्रज्ञा शर्मा, शिवम त्रिपाठी एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## प्रधान बना गुंडा अपने ही गाँव के गरीबों को मार पीट कर सुलह करने की थाने में लगा रहा चक्कर

**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम ग्राम प्रधान अपने ही गाँव में लगातार चर्चा में रहते हैं अभी ताजा मामला कशिया ग्राम प्रधान की गुंडई ने एक गरीब छेदी लाल निवासी नौढिया आमद करारी को उसके नाजुक अंग कान में लगातार मारा जिस पर छेदी ने शिकायत एसओ कोखराज को दिया और प्रधान की गुंडई से अपनी रक्षा करने व मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग किया छेदी लाल का कसूर बस इतना था कि वह कपड़े में प्रेस करने का रुपया मांग लिया था उसका खामियाजा उसके पूरे परिवार को भुगतने की धमकी भी दिया अब लगातार प्रधान कोखराज थाने में जा कर जबरन सुलह का दबाव बनाने का प्रयास कर रहा है आखिर इस प्रधान पर पहले भी एक महिला ने अपने कुछ परिचितों के द्वारा यौन शोषण का भी आरोप लगाया गया था लेकिन अपने बड़े नेता का साथ बता कर बच निकला अभी वह मामला पूरी तरह लोग भूले भी नही थे कि गुंडई फिर शुरू हो गयी किस नेता के बल पर लगातार ग्रामीणों के साथ अत्याचार कर रहे प्रधान पर कार्यवाही क्यो नही हो रही है यह जन जन की जुबान में है।

## मायके गई पत्नी दहेज उत्पीड़न में फसाने की कर रही कोशिश

**चायल कौशांबी** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के बचानी के पुरवा निवासी केशरी लाल पुत्र राम सजीवन पासी की शादी करारी थाना क्षेत्र के बदलेपुर गांव में हुई थी केशरी लाल की पत्नी 24 जनवरी को मायके कह कर चली गयी है लेकिन अब आने को तैयार नही है और अब केशरी लाल की पत्नी उसके सास ससुर दहेज उत्पीड़न में फसाने की उसे धमकी दे रहे है जिससे युवक परेशान है दूसरे मर्दो से मोबाइल पर बात करने का विरोध करने पर दोनों के बीच तनाव की स्थित उतपन्न हुई है महिला अब ससुराल में रहने को तैयार नही है मामले की सूचना केशरी लाल ने थाना पुलिस को दी है

## खेत में ट्रैक्टर जाने का विरोध करने पर पीटा

**चायल कौशांबी** पिपरी थाना क्षेत्र के बूंदा गांव निवासी हसीनुद्दीन पुत्र खलील उद्दी के खेत में गेहूं की फसल बोई गई है गेहूं की फसल के बीच से गांव के लोग ट्रैक्टर लेकर चले गए हैं जिससे फसल खराब हो गई हसीनुद्दीन शनिवार को खेत में खाद छीटने गया था जब उसने देखा कि खेत से ट्रैक्टर लेकर लोग गए है इस बात को लेकर हसीनुद्दीन ने लोगों से पूछताछ शुरू किया पूछताछ करने से आक्रोशित भुल्ली और उसकी पत्नी ने हसीनुद्दीन को गाली गलौज करते हुए मारपीट किया है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है

### बेटे बहु ने महिला को पीटा

**महागाव कौशांबी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कोइलहा गांव की महिला कमला देवी ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके बेटे कमलेश वा कैलाश नाथ अपनी पत्नी के साथ मिलकर शनिवार की दोपहर में गाली गलौज करते हुए मारपीट किया है बेटे बहु ने महिला को लात घूसा से मारपीट कर घर से भगा दिया है और दोबारा घर आने पर जान से मारने की धमकी दी है बेटे बहु से पीड़ित महिला थाना पुलिस के पास पहुंची है और तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के उपाध्यक्ष रोहित मिश्रा बने

**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी** युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के द्वारा जनपद कौशाम्बी से रोहित मिश्रा व लवकुश विश्वकर्मा को सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा, संस्कृति के क्षेत्र से प्रतिष्ठित श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र जिला सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।नेहरू युवा केन्द्र महानिदेशक नितेश मिश्रा के द्वारा भेजे गये नियुक्ति पत्र में उल्लेख किया गया है कि नेहरू युवा केन्द्र के जिला सलाहकार समिति में रोहित मिश्रा व लवकुश विश्वकर्मा युवा विकास से संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेंगे और उनके प्रदान मार्ग दर्शन युवा के दृष्टिकोण के लिये उपयोगी सिद्ध होगा जो युवा के जीवन को सार्थक दिशा प्रदान करेगा, युवा कार्यक्रमों के भविष्य को आकार देने का अनूठा अवसर प्रदान करेगा। जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा पिछले वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस पर माई भारत डिजिटल प्लेटफार्म प्रारंभ किया है यह प्लेटफार्म युवाओं को नई दिशा और नेतृत्व क्षमता प्रदान करने में सहायक है। माय भारत डिजिटल प्लेट फार्म युवाओं को विभिन्न क्षेत्र की स्वयंसेवी संस्थाओं से जोड? में सहायक है इससे युवा वर्ग जुड़ सकें इस प्रकार के प्रयासों को बढाने का काम किया जाना है जिससे युवा विकासात्मक कार्यो में भाग ले सकें और नेतृत्व कौशल भी विकसित कर सकेंगे। इस प्रकार की गतिविधियों में युवाओं को स्वैच्छिक रूप से जोडे के लिये एक सलाहकार के रूप में रोहित मिश्रा व लवकुश विश्वकर्मा की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं खेल एवं युवा मामले के केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के महत्वाकांक्षी मिशन को पूरा करने वाली टीम में जिले से रोहित मिश्रा व लवकुश विश्वकर्मा के चयन पर जिला भाजपा सहित राष्ट्रीय नेतृत्व एवं उनके शुभचिंतको ने उन्हें शुभकामनाएँ दी है वहीं नेहरू युवा केन्द्र के सलाकार सदस्य नियुक्त होने पर रोहित मिश्रा व लवकुश विश्वकर्मा ने जिला भाजपा एवं युवा मोर्चा के समस्त पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रगट किया है।सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के सदस्यों सहित युवाओं में उत्साह देखा गया और दोनो युवाओं को बधाई देने का तांता शुरू हुआ।

# जय मां दुर्गे इंटर कालेज में धूमधाम से संपन्न हुआ वार्षिकोत्सव

## तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मुख्य अतिथि ने मेधावियों को किया सम्मानित

**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के टांडा मार्ग में स्थित जय मां दुर्गे इंटर कालेज में वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की है कालेज के छोटे छोटे बच्चो द्वारा किए गए मंचन को देख उपस्थित लोगों ने तालिया बजाकर उत्साह वर्धन किया है इस दौरान जय मां दुर्गे इंटर कालेज के दर्जनों मेधावियों को मुख्य अतिथि धर्मराज मौर्य ने स्मृति चिन्ह ,मेडल देकर सम्मानित किया है।इस मौके पर प्रबंधक प्रदीप त्रिपाठी और प्रधानाचार्य सुनील साहू ने गणमान्यों का अंगवस्त्र,माल्यार्पण कर स्वागत किया है। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अझुवा अध्यक्ष प्रतिनिधि




ओम प्रकाश कुशवाहा ने कहा कि वार्षिकोत्सव आदि के माध्यम से अभिभावक और शिक्षक एक दूसरे के संपर्क में आते हैं और संवाद स्थापित करते हैं उन्होंने छात्र/ छात्राओं का आह्वान किया कि आप जहां भी शिक्षा ग्रहण करते हो पूरी लगन और मेहनत से लक्ष्य बनाकर अध्ययन करें ।कालेज प्रबंधक प्रदीप त्रिपाठी ने कहा कि छात्र छात्राओं में उत्कृष्ट शिक्षा के लिए अभिभावक ,शिक्षकों का आपसी सहयोग आवश्यक है उन्होंने कहा विद्यार्थी 6 घंटे विद्यालय में रहता है18 घंटे अपने अभिभावक के साथ रहता है इसलिए अभिभावक की महत्व पूर्ण भूमिका है। समय पर विद्यालय में शिक्षकों और छात्रों से संवाद करता रहे। सिराथू ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य ने कहा कि शहर एवम ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों का परिवेश एक जैसा हो रहा है उन्होंने वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की है।इस मौके पर प्रबल प्रताप सिंह उर्फ रामू सिंह ,मुन्ना फौजी, आनंद सिंह ,डॉक्टर राम किरण त्रिपाठी, पुष्पराज सिंह ,भोला यादव अध्यक्ष सिराथू ,अश्वनी सिंह, जिल्ले महाराज, मनोज मिश्रा राजू मिश्रा ,अफरोज आलम, रोहित शर्मा ,शिवमणि त्रिपाठी गोपी मौर्य प्रधान भैरायें,गुलाब यादव प्रधान केन,शिव प्रकाश सिंह राजपूत ग्राम प्रधान कानेमई नगर पंचायत अझुवा के सभासद गण, तमाम सम्मानित नागरिक, अभिभावक छात्र/ छात्राएं मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### अझुवा ससुर खदेरी नदी पुल पर हो सकता है गंभीर हादसा

पुल के नीचे बीम में आई दरार, दिखाई देने लगी सरिया



**अझुवा कौशांबी।** राष्ट्रीय राजमार्ग जिसमे प्रतिदिन हजारों वाहनों का परिचालन होता है। एन एच आई ने अझुवा ससुर खदेरी नदी में पुल का निर्माण 1999-2000 के बीच किया था। आज शनिवार को कुछ ग्रामीण जानवर बकरी आदि चरा रहे थे ग्रामीणों की सूचना पर पुल के नीचे उतरकर देखा गया तो नीचे बीम में बड़ी दरार दिखाई दे रही है, सरिया आदि दिखाई दे रही हैं इस पुल से कई हजार वाहन दिन भर निकलते हैं जिससे बड़े हादसे की संभावना बनी है लेकिन इस गम्भीर समस्या को अभी तक राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों ने संज्ञान नही लिया है लोगो ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए दरार को ठीक कराए जाने की मांग की है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल



**कौशाम्बी।** सैनी थाना अंतर्गत दारानगर कमाशिन रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवारो को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार दो लोग लहूलुहान हो कर सड़क पर गिर कर तड़पने लगे दुर्घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। राहगीरों ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना पाकर 108 एम्बुलेंस और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हादसे ने घायल पुरुषोत्तम लाल 34 वर्ष पुत्र कल्लू एवं श्याम बाबू 32 वर्ष पुत्र शिव प्रसाद को 108 एम्बुलेंस की मदद से सी एच सी कड़ा में भर्ती कराया गया। घर वालों को हादसे की सूचना दे दी गयी है।

### धर्मा देवी इं.का. में निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली




**कौशाम्बी** धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार मे 10 फरवरी को मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत छात्र छात्राओं द्वारा रैली निकाली गयी। मतदाता जागरूकता रैली को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । समस्त ग्रामीणों से मतदान करने हेतु अपील करते हुये यह रैली विद्यालय से निकलकर कानेमई ,बनपुरवा आदि ग्राम से होते हुयें विद्यालय वापस पहुँची छात्र छात्राओं ने रैली में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया रैली मे रामशंकर सिंह, पुनीत अग्रहरि, आदित्य कुमार द्विवेदी,ललित कुमार धनवंतरी कुमार आदि शिक्षक एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित रहें।

### जन शिक्षण संस्थान द्वारा पी एम विश्वकर्मा प्रशिक्षण कार्यक्रम का एसेसमेंट किया गया



**कौशाम्बी** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी द्वारा 10 फरवरी को पी एम विश्वकर्मा प्रशिक्षण कार्यक्रम जो 5 फरवरी 2024 से 9 फरवरी 2024 तक चलाए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम दर्जी टेलर का शनिवार को एसेसमेंट किया गया? उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने पी एम विश्वकर्मा प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षिका श्रीमती रेखा देवी एवं एसेसर स्वाती मिश्रा की देख-रेख में एसेसमेंट किया गया इसमें मौखिक एवं प्रेक्टिकल भी कराया गया उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा श्रद्धा तिवारी रूपा कुमारी ममता देवी करिश्मा देवी आदि 37 प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके थे जिसका शनिवार को एसेसमेंट किया गया।

### नेशनल इं.का. में निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली




**भरवारी कौशाम्बी** नेशनल इण्टर कॉलेज भरवारी मे 10 फरवरी को मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत छात्र छात्राओं द्वारा रैली निकाली गयी। मतदाता जागरूकता रैली को विद्यालय के प्रबंधक रवि नारायण तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया प्रधानाचार्य कलीम अहमद ने समस्त ग्रामीणों से मतदान करने हेतु अपील करते हुये यह रैली विद्यालय से निकलकर पूरे भरवारी क्षेत्र में घूम कर वापस विद्यालय पहुँच कर समापन हुअस छात्र छात्राओं ने रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया मतदाता जागरूकता रैली मे प्रवक्ता अरुण कुमार द्विवेदी माया तिवारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार राजेश कुमार अस्थाना अशोक कुमार पाण्डेय संतोष सिंह यादव अर्जुन लाल भरत लाल शर्मा सुनील यादव राजेश यादव गंगा प्रसाद स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव अतुल कुमार मिश्रा दीपांशु तिवारी जय सिंह सहायक लिपिक संजय चौधरी यशपाल यादव ओमप्रकाश द्विवेदी श्री कृष्णा शुक्ला सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं आदि लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का सफल संचालन भुवनेश कुमार तिवारी द्वारा किया गया।

### रामनाथ सिंह कालेज मे निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली



**चायल कौशाम्बी** जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर आगामी लोक सभा निर्वाचन मे मतदान प्रतिशत में वृद्धि को लेकर रामनाथ सिंह पी जी महाविद्यालय चायल खास गुंगवा के बाग में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई रैली महाविद्यालय से शुरू हो कर नइममिया के पुर्वा से होते हुए चायल तहसील परिसर तक पहुंची। मतदाता रैली मे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय के अतिरिक्त प्रचार प्रदीप कुमार विश्वकर्मा ने बच्चों को मतदाता के बारे में बताते हुए बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील किया। रैली मे विद्यार्थियों ने "उम्र 18 पूरी है मत देना बहुत जरूरी है के थीम पर समाज को जागरुक करते हुए अन्य कई स्लोगन के नारे लगाए। रैली मे महाविद्यालय के प्रबंधक एस. के पटेल के साथ साथ संदीप प्रजापति, चंद्रभान सिंह, सचिन दिवाकर, राजेश पटेल, अरविंद कुमार मौर्य, मनोज कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, सलीमुद्दीन ,सचिन कुमार मिश्रा ,पटेल शनि प्रताप सिंह, विजय विश्वकर्मा ,अनिल बाजपेई ,सोनम दुबे, रूबी कुशवाहा आदि प्रवक्ता गण के साथ-साथ पिपरी थाना के चायल चौकी इंचार्ज भगवान दीन, सिपाही पवन तोमर के साथ साथ पुलिस प्रशासन मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

# दलित-वंचित समाज बनाम हिंदुत्व

यह चुनाव गोदी मीडिया के नैरेटिव पर लड़ा जाएगा? विपक्ष की एकजुटता में आई दरार के बावजूद यह चुनाव मोदी के लिए कतई आसान नहीं है। यही कारण है कि भाजपा अपने नए-पुराने तमाम साथियों को साधने में लगी है। दरअसल, यह देश के दलितों और वंचितों के अस्तित्व की लड़ाई का सबसे बड़ा चुनाव होने जा रहा है। दूसरे शब्दों में, 2024 का चुनाव यह तय करेगा कि दलितों वंचितों का भविष्य सुरक्षित रहेगा या नहीं।

2024 का लोकसभा चुनाव बेहद करीब है?। सत्तापक्ष यानी नरेंद्र मोदी के मंसूबों लिए यह चुनाव बेहद खास है। जबकि विपक्ष के लिए करो या मरो की स्थिति है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक पांच महीने तक अनवरत (7 सितंबर,2022 से 26 जनवरी 2023) पैदल चलते हुए राहुल गांधी ने 4000 किमी की भारत जोड़ो यात्रा की। नरेंद्र मोदी की भय, नफरत और विभाजन की राजनीति के बरक्स राहुल गांधी ने सौहार्द्र और प्रेम का संदेश दिया। इस यात्रा से उपजे माहौल में विपक्षी दल एकजुट होने लगे। मई 2023 में विपक्ष की पहली बैठक पटना में हुई। इसके बाद बंगलौर, मुंबई और दिल्ली में इंडिया अलाइंस बनकर तैयार हुआ। लेकिन जनवरी 2024 तक आते-आते राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं और निजी स्वार्थ टकराने लगे। गठबंधन की शुरूआत करने वाले नीतीश कुमार अब फिर से नरेंद्र मोदी के पाले (पहलू) में जा चुके हैं। इंडिया गठबंधन से विपक्ष का मजबूत नैरेटिव बना था। नीतीश कुमार के जाते ही मोदी की गोदी में बैठा मीडिया रात दिन इसे कमजोर बताने में लगा हुआ है।

क्या यह चुनाव गोदी मीडिया के नैरेटिव पर लड़ा जाएगा? विपक्ष की एकजुटता में आई दरार के बावजूद यह चुनाव मोदी के लिए कतई आसान नहीं है। यही कारण है कि भाजपा अपने नए-पुराने तमाम साथियों को साधने में लगी है। दरअसल, यह देश के दलितों और वंचितों के अस्तित्व की लड़ाई का सबसे बड़ा चुनाव होने जा रहा है।दूसरे शब्दों में, 2024 का चुनाव यह तय करेगा कि दलितों वंचितों का भविष्य सुरक्षित रहेगा या नहीं। डॉ आंबेडकर ने 1940 में ही इस चुनौती को समझ लिया था। उन्होंने अपनी किताब 'पाकिस्तान : द पार्टीशन आफ इंडिया' में स्पष्ट तौर पर लिखा था कि अगर हिंदू राष्ट्र बनता है तो यह करोड़ों दलितों के लिए बड़ी आपदा साबित होगी।

इसलिए किसी भी कीमत पर इसे रोका जाना चाहिए। उन्होंने यह भी जोड़ा कि हिंदू राष्ट्र ब्रिटिश हुकूमत से भी ज्यादा क्रूर होगा। आज एक तरफ तमाम बाबा और हिंदुत्ववादी संगठन भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का ऐलान कर रहे हैं तो दूसरी तरफ सत्तातंत्र के जरिए बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान को धीरे-धीरे कुतरा जा रहा है। भाजपा के कतिपय नेताओं से लेकर प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष विवेक गोयनका संविधान को बदलने की बात कह चुके हैं।

गांधी, नेहरू और आंबेडकर के समय से मौजूद हिन्दुत्ववादियों के मंसूबे जगजाहिर हैं। हिंदुत्व के नायक सावरकर ने आजादी के आंदोलन में खुलेआम अंग्रेजों का साथ दिया। भारत छोड़ो आंदोलन और सुभाषचन्द्र बोस की आजाद हिन्द फौज के संघर्ष के समय सावरकर ने अंग्रेजी सेना का सहयोग किया। आजादी और नया संविधान हिन्दुत्ववादियों को कतई नहीं भाया। इसलिए वे विभाजन के समय सांप्रदायिक उन्माद पैदा करने के लिए खासकर पाकिस्तान से आने वाले हिंदुओं और सिक्खों को उकसाने में लगे रहे। गांधीजी की शहादत भी इसी साजिश का हिस्सा थी। लेकिन इसके बाद लंबे समय तक हिंदुत्ववादी हाशिए पर रहे।

कांग्रेसी सत्ता के सामने विपक्ष के साथ झूठ और फरेब करके हिंदुत्ववादी अपने आपको खड़ा करने की कोशिश करते रहे। अपनी असलियत को छुपाकर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के बीच धर्म के नाम घुसपैठ करते रहे। 90 के दशक में पहली बार उन्हें कामयाबी मिली। मंदिर आंदोलन के उभार के बावजूद वे अल्पमत में रहे। लेकिन 2014 में कारपोरेट के रथ पर सवार होकर झूठ की दुकान सजाकर नरेंद्र मोदी पूरे बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में दाखिल हुए। इसके बाद आरएसएस ने अपने एजेंडे को लागू करना शुरू किया। पहले पांच साल में खासकर मुस्लिम अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कुचला गया। उनके खिलाफ सरेआम नफरत और हिंसा हुई। दूसरे कार्यकाल में मोदी संघ के असली एजेंडे की तरफ बढ़े। दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के अधिकारों और अवसरों को कुचला जाने लगा। जाति-व्यवस्था के पेंच कसे जाने लगे और हिन्दू राष्ट्र बनाने की मुनादी की जाने लगी। उस संविधान को हटाने की बात होने लगी, जिसने वंचितों की सदियों की गुलामी से मुक्त किया। मनुस्मृति, गीता और रामचरित मानस का महिमा मंडन किया जाने लगा। जाहिर तौर पर इन धर्मग्रंथों के जरिए वर्ण और जाति-व्यवस्था को जायज ठहराने की साजिश की जा रही है। ध्यातव्य है कि बाबासाहेब आंबेडकर दलितों, शूद्रों और स्त्रियों की गुलामी के लिए धर्मग्रंथों को ही सबसे बड़ा जिम्मेदार मानते थे क्योंकि इनके जरिए उस व्यवस्था को ईश्वरीय विधान बनाया गया। इसीलिए उन्होंने कहा था कि धर्मग्रंथों को विस्फोटक से उड़ा देना चाहिए।

## यमलोक में यमराज का चुनाव

आत्माराम यादव पीव

नर्मदा तट की अपनी महिमा है, भगवान कृष्ण शिशुपाल के 100 अपराध तक माफ करने की सहनशक्ति रखते थे, तभी हज जाने के लिये बिल्ली जैसे मांसाहारी जीव को भी सौ-सौ चूहे खाने अर्थात दो सौ अपराध करने की छूट मिल चुकी थी, यह अलग बात है कि वह पूरी जिंदगी में हजार से ज?यादा चूहे चट कर जाये, पर यहां हम किसी तीर्थ की नहीं, बल्कि यमलोक की बात कर रहे है जहाँ आदतन अपराधी के अनगिनत अपराध की बात छोड़िये, अरे बचपन में की गयी जरा सी चूक, या भूल भी बडे अपराध में मानी जाकर तुरंत यमराज उस मृतजीवी को सूली पर टांगने के लिए कुख्यात है, फिर अनगिनत अपराध के लिये क?या दुर्गति होने वाली है यह सुनकर आपकी रूह कांप उठेगी। नर्मदा स्नान और दर्शनों का महत्व यूं ही नहीं है, बिन्दास सौ, दो सौ, हजार नहीं तुम लाख अपराध कर लेना नर्मदार्शन से ही वे सभी अपराध पुण?य में तब्दील हो जायेंगे, आप मानते हो न कि नर्मदा दर्शनों का पुण?य कितना जर्वजस?त है, तो तुम भाग?यशाली हो जो दर्शन के साथ स्नान करके डबल पुण्य का स्टॉक जोडते रहे हो, महापापी होकर भी महापापी होने का तुम्हारा यह घटिया भाग?य नर्मदा दर्शनों से तुम?हें महान पुण्यात्मा का अर्थात देवतुल्य बना रहा है। कॉटे तो कॉटे होते है, उनका स्वभाव ही है कि वे चुभे, पर पुण्य का महत्व पुराणों में है, यानी पुराण कहते है, कांटों को पुण?य से फूल बनाया जा सकता है, यह चमत?कार नर्मदा दर्शन स्नान के अलावा, गंगा,यमुना, प्रयागराज आदि सभी तीर्थो को है जहाँ काँटों को भी इजाजत है कि वे फूल बनकर चुभेंगे नहीं बल्कि कोमल गुदगदी देकर महक उठेगे।

मैं यह बात इसलिये कह रहा हूॅ कि गत दिनों म?युनिसिपल के आफिस में एक अधिकारी के सामने एक नंबर का पार्षद पति एक अनुचित काम का दबाव बनाने के लिये अधिकारी की कॉलर पकड़ने दौड़ा और गुस्से में इतना था कि उसे खुद का होश नहीं था जिसे आठ दस लोग संभाल रहे थे, वह मूर्ख चीख रहा था कि पच्चीस साल से राजनीति कर रहा हूॅ, कमरों में घुसकर मारना मेरी फितरत है। तुम्हारी औकात क्या है? पार्टी में मेरा रुतबा इतना है उतना है? तुम ज्यादा से ज्यादा सरकारी काम में रुकावट का केस लगवा सकते हो, मैं सब निपट लूॅगा। फिर गर्मी से उबलता सीएमओ को धमकी देने लगा कि इसके बाद क्या होगा, अंजाम समझ लेना। अधिकारी नया होने के साथ धीर गंभीर था आखिर तक नम्रता का गहना पहने उसकी बदतमीजी सहकर उसे शांत करता रहा। प्रश्न उठता है कि पत्नी पार्षद है, ये उनके पति रबर स?टाम?प की तरह है पर अंधेर नगरी है, कोई कुछ नहीं बोलने वाला। किसी संत की वाणी है कि- जो आया है, सो जाएगा, राजा रंक फकीर। यानी पाप की गठरी बॉधों या पुण्य की मरना सभी को है, कोई पटटा लेकर जीने नहीं आया है इसलिये अहंकार की गठरी कि मैं ये हूँ, वो हूॅ, ये कर सकता हूॅ, वो कर सकता हूॅ को पटक देना और समझना तुम कुछ नहीं हो, कुछ नहीं कर सकते, ढब्बू हो।

# लैंगिक भेदभाव के बीच शिक्षा के लिए संघर्ष करती किशोरियां

**महिमा जोशी**
**कपकोट, उत्तराखंड**



हमारे समय में तो माहवारी के दौरान लड़की हो या महिला, उसे एक अलग स्थान पर रखा जाता था. उसके साथ ऐसा व्यवहार किया जाता था जैसे वह कोई अछूत हो. अगर कोई लड़की इसका विरोध करती थी तो पूरा समाज उसे एक प्रकार से अपराधी घोषित कर देता था. सिर्फ पुरुष ही नहीं, बल्कि महिलाएं भी इस काम में आगे रहती थीं. अगर किसी महिला को बच्चा नहीं हो रहा होता था तो उसे ताना देने और उसका मानसिक शोषण करने में महिलाएं ही सबसे आगे होती थीं. अब तो जमाना बहुत बदल गया है. शहर की हवा गांव को भी लगने लगी है. लेकिन फिर भी यह समाज आज भी औरतों और लड़कियों को खुलकर जीने नहीं देता है.ह्व यह कहना है 70 वर्षीय बुजुर्ग दुर्गा देवी का, जो पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के लामाबगड़ गांव की रहने वाली हैं और पिछले सात दशकों से गांव के बदलते सामाजिक परिवेश को बहुत करीब से देखा है.

यह गांव बागेश्वर जिला से करीब 19 किमी दूर कपकोट ब्लॉक में स्थित है. जिसकी आबादी करीब 1600 है. गांव में उच्च और निम्न जातियों की संख्या लगभग बराबर है. लेकिन महिला और पुरुष साक्षरता की दर में एक बड़ा अंतर है. जहां 40 प्रतिशत पुरुष साक्षर हैं वहीं महिलाओं में साक्षरता की दर मात्र 20 प्रतिशत दर्ज की गई है. यह अंतर न केवल सामाजिक परिवेश बल्कि जागरूकता में भी नजर आता है. जहां महिलाएं अपने छोटे छोटे अधिकारों से भी परिचित नहीं हैं.

यहां किशोरियों को बहुत कम उम्र में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है. जैसे लिंग भेदभाव, बाल विवाह, छोटी उम्र में गर्भधारण हो जाना, यौन उत्पीड़न और घरेलू हिंसा आदि प्रमुख हैं. कम उम्र में विवाहित युवा लड़कियो से निश्चित मानकों और व्यवहारों का पालन करने की उम्मीद की जाती है और ऐसा नहीं करने पर उसे मानसिक अत्याचारों से गुजरना पड़ता है. जो केवल समाज द्वारा ही नहीं बल्कि घर के अंदर भी होता है.

एक तरफ सरकार की ओर से महिला शिक्षा और सशक्तिकरण से जुड़े कई प्रयास किये जा रहे हैं. पंचायत में महिलाओं के लिए सीटें भी आरक्षित की जाती हैं. जिस पर महिला सरपंच या प्रधान निर्वाचित होती हैं. लेकिन दूसरी ओर पितृसत्तात्मक समाज पर आधारित इस गांव की संरचना में पुरुष ही अंतिम फैसला लेने का अधिकारी होता है. यही कारण है कि गांव में आज भी महिलाओं को उच्च शिक्षा या अधिकार देने की सोच बहुत संकुचित है. 49 वर्षीय प्रकाश चंद्र जोशी किशोरी शिक्षा का खुलकर विरोध तो नहीं करते हैं लेकिन वह महिलाओं द्वारा किसी भी प्रकार की नौकरी या उनके अधिकारों की सख्त आलोचना करने से भी गुरेज नहीं करते हैं. वह कहते हैं कि ह्वलड़कियों को कितना पढ़ना चाहिए यह समाज निर्धारित करे, लेकिन मेरे विचार में लड़कियों और महिलाओं को सिर्फ घर का काम करना चाहिए, क्योंकि उन्हें यही शोभा देती है. आखिर उन्हें शिक्षा की क्या आवश्यकता है? अगर महिलाएं घर में रहकर काम करेंगी तो हमारी संस्कृति और पहाड़ों का रहन सहन बना रहेगा. सरकार को ज्यादा सपोट पुरुषों को करनी चाहिए क्योंकि नौकरी उन्हें करनी है. ऐसी संकुचित सोच का असर नई पीढ़ी को कितना प्रभावित कर रहा है, यह जमीनी हकीकत से पता चलता है. हालांकि अच्छी बात यह है कि नई पीढ़ी की किशोरियां इसके खिलाफ बोलने का साहस भी जुटा रही हैं. वह लैंगिक भेदभाव को बखूबी समझ रही हैं. गांव की 17 वर्षीय दीक्षा कहती है कि ह्वलैंगिक असमानता न केवल महिलाओं के विकास में बाधा डालता है बल्कि आर्थिक और समाजिक विकास को भी प्रभावित करता है. महिलाओं और किशोरियों को जिस समाज में उचित स्थान नहीं मिलता है, वह समाज और देश पिछड़ेपन का शिकार हो जाता है. लैंगिक असमानता आज भी वैश्विक समाज के लिए एक चुनौती बनी हुई है. जिस गांव की महिलाएं और पुरुष जागरूक होंगे उनमें अपना समाज बदलने की क्षमता होगी, ऐसा गांव ही विकसित गांव की संकल्पना को पूर्ण कर सकता है.ह्व 11वीं की छात्रा पुष्पा आर्य सवाल करती है कि ह्वआखिर घर के सारे काम महिलाएं और किशोरियां ही करती हैं. इसके बावजूद उनके साथ लैंगिक भेदभाव क्यों होता है? लड़कों से कहीं अधिक लड़कियां खेत खलियान और मवेशी चराने का काम करती हैं, फिर लड़के किचन के काम में क्यों नही हाथ बंटा सकते हैं?ह्व वह कहती है कि ह्वआज के समाज में कहा जाता है कि लड़कियों को बराबर का दर्जा देना चाहिए, लेकिन सच्चाई यह है कि हमारे गांव व आसपास के क्षेत्रों में, खुद हमारे परिवार में लड़कियों को लैगिक हिंसा और भेदभाव का शिकार होना पड़ रहा है.

इसी भेदभाव पर गांव की 17 वर्षीय एक अन्य किशोरी सुनीता जोशी कहती है कि ह्वमेरे साथ घर में बचपन से ही भेदभाव किया जाता रहा है. दरअसल हमें घर के कामों में मानसिक रूप से इस तरह ढ़ाल दिया जाता है, जिससे हम लड़कियां खुद ही शिक्षित नही होना चाहती हैं. हमें बताया जाता है कि हम यहां पराये हैं और हमारा असली ठिकाना ससुराल है. जहां सास ससुर की सेवा करना और पति की आज्ञा मानना ही एक नारी का असली धर्म है.ह्व वह कहती है कि ह्वकोई भी बच्चा तभी आगे नही बढ़ पाता है, जब उसके समाज के लोग और माता पिता पढ़े लिखे हों, जानकार न हों. इसी सोच की कमी के कारण ही समाज में लिंग भेद को बढ़ावा मिलता है.ह्व दीक्षा, पुष्पा और सुनीता अपनी हमउम्र किशोरियां के साथ न केवल स्कूल जाती हैं बल्कि वह इन क्षेत्रों में किशोरी सशक्तिकरण की दिशा में काम करने वाली संस्था चरखा के दिशा प्रोजेक्ट से भी जुड़ी हुई हैं. जिसका प्रभाव यह हुआ है कि अब इन किशोरियों के साथ साथ कई महिलाएं भी लैंगिक भेदभाव को समझने और इस पर बोलने भी लगी हैं. 42 वर्षीय माया देवी कहती हैं कि ह्वमेरे किशोरावस्था में लड़कियों को पढ़ाने से अधिक घर का कामकाज सिखाने पर जोर दिया जाता था. माहवारी के दौरान तो उन्हें घर से बाहर गौशाला में ही रखा जाता था. चाहे जितने भी कड़ाके की ठंड हो, लड़कियों को वहीं समय गुजारना पड़ता था. बाल विवाह और अंधविश्वास के नाम पर हिंसा तो आम बात थी. लेकिन अब यह प्रथाएं और उत्पीड़न बहुत कम हो गए हैं. मुझे खुशी है कि जो हमारे साथ घटित हुआ वो हमारी बहु बेटियों के साथ नहीं होता है. लेकिन इसे पूरी तरह जड़ से मिटाने की जरूरत है. जब तक यह समाज शिक्षित नहीं होगा, ऐसी जागरूकता नहीं आ सकती है.ह्वआजादी के 76 साल बाद भी हमारे देश की हजारों महिलाओं और किशोरियों को लिंग आधारित भेदभाव का सामना करना पड़ता है. खास कर दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रो में महिलाओं और किशोरियों के साथ लैंगिक भेदभाव अब भी हावी है. यह केवल घर और समज में ही नहीं, बल्कि स्कूलों में भी साफ तौर पर नजर आता है. खुद शिक्षकों द्वारा लड़कों को गणित और विज्ञान पढ़ने जबकि लड़कियों को होम साइंस विषय लेने के लिए प्रेरित किया जाता है. उनके द्वारा कहा जाता है कि ह्वसाइंस पढ़कर वह कौन सा अफसर बन जाएंगी? होम साइंस लेकर खाना बनाना सीखेंगी तो ससुराल में उनका सम्मान बढ़ेगा.ह्व यह शब्द न केवल किशोरियों के सपनों को बल्कि उनके हौसलों को भी तोड़ देता है. दरअसल लड़कियों के स्कूल जाने से बालिका शिक्षा में भले ही सुधार हो रहा है. लेकिन सामाजिक कुरीतियों, रूढ़िवादिता और पुरुषवादी सोच के कारण लैंगिक असमानता में सुधार होता भविष्य के लिए नही दिख रहा है. यह आलेख संजॉय घोष मीडिया अवार्ड 2023 के तहत लिखा गया है.

# 10 साल की उपलब्धियों का काल बनाम 10 साल अन्याय काल

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोकसभा चुनाव अनुमानित अप्रैल माह में 7-9 चरणों में होने की संभावना लग रही है।इस तरह संसद का अंतिम सत्र बजट सत्र, जिसको एक दिन के लिए बढ़ाया गया है वह 10 फरवरी 2024 को समाप्त होगा, परंतु इस सत्र को ढाल बनाकर पक्ष विपक्ष अपनी अपनी उपलब्धियां व विफलताओं को गिना रहे हैं, जिसमें दोनों पक्षों द्वारा श्वेत पत्र, ब्लैक पेपर के रूप में जारी किया गया है जिसमें 59 पुष्ठ श्वेतपत्र संसद के पटल पर प्रस्तुत किया गया है और उस पर 9 फरवरी 2024 को चर्चा हो रही है। इसकी काट में विपक्ष द्वारा 57 पुष्टि ब्लैक पेपर प्रस्तुत किया गया है जिसमें पिछले 10 वर्षों की विफलताओ को दिखाया गया है चूंकि आज सारा दिन सोशल मीडिया पर 59 पुष्ट का श्वेत पत्र बनाम 57 पुष्ठ का ब्लैक पेपर छाया रहा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकसभा चुनाव के पहले ही सरकार और विपक्ष आक्रामक, तेवरों में लड़ाई उपलब्धियों अन्याय काल की गिनाई, संसद से सड़क तक आई।

साथियों बात अगर हम श्वेत पत्र बनाम ब्लैक पेपर की करें तो, लोकसभा चुनाव नजदीक है। सरकार चुनाव के लिए तैयार है। सरकार विपक्ष को कोई मौका नहीं देना चाहती पहले ही साफ कर दिया गया था कि सरकार बजट सत्र में श्वेत पत्र लाएगी। इसके जरिए स्पष्ट कर देगी कि सरकार देश में कितना बदलाव लेकर आई। इसका सकारात्मक असर लोकसभा चुनाव पर पड़ सकता है। अंतरिम बजट 2024 पेश करते हुए हाल में वित्त मंत्री ने यूपीए सरकार के दौरान लिए गए आर्थिक निर्णयों और देश पर उसके कारण पड़े दुष्प्रभाव के बारे में बताने के लिए श्वेत पत्र लाने की घोषणा की थी। बजट भाषण में उन्होंने कहा था कि वर्ष 2014 में मोदी सरकार नेबागडोर संभाली थी, उस समय हमने स्टेप-बाय-स्टेप देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर करने और शासन प्रणाली को सही रास्ते पर लाने की जिम्मेदारी संभाली थी। तब समय की मांग थी कि निवेश आकर्षित किया जाए, सुधार के लिए समर्थन जुटाया जा सके।सरकार राष्ट्र प्रथम के विश्वास के साथ इस लक्ष्य को हासिल करने में सफल रही, लोकसभा चुनाव के पहले ही सरकार और विपक्ष के तेवर आक्रामक हो चले है। सरकार श्वेत पत्र के जरिए यूपीए सरकार के कार्यकाल का काला चिट्ठा खोलने की तैयारी में है। विपक्ष ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। सरकार के श्वेत पत्र के जवाब में पार्टी ने ब्लैक पेपर लाने की बात कही थी। बड़ी पार्टी ने पार्टी के नेताओं के साथ 10 साल अन्याय काल के नाम से ब्लैक पेपर का पोस्टर जारी किया। उन्होने कहा, पीएम जब संसद में अपनी बात को रखते हैं तो अपनी सफलता को बताते हैं और अपनी असफलताओं को छिपा लेते हैं। सरकार के खिलाफ हम ब्लैक पेपर निकालकर लोगों को जानकारी देंगे। पार्टी के ब्लैक पेपर पर तंज कसते हुए कहा, मैं ब्लैक पेपर का स्वागत करता हूं क्योंकि जब कोई अच्छी बात होती हो काला टीका लगता है। नजर न लगे इसलिए यह जरूरी होता है। ऐसे में सवाल है कि आखिर श्वेत पेपर क्या है, इसे कौन-कौन ला सकता है, सरकार इस समय श्वेत पत्र क्यों ला रही है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 8 फरवरी 2024 को माननीय केंद्रीय मंत्री द्वारा श्वेत पत्र संसद के पटल पर रखने की करें तो, केंद्र सरकार ने यूपीए के दस साल के शासनकाल में देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर आज संसद में एक श्वेत पत्र जारी कर दिया।59 पेज के इस श्वेत पत्र में केंद्र ,राज्य सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और महत्त्वपूर्ण रेटिंग एजेंसियों के आंकड़ों के सहारे यह साबित करने की कोशिश की गई है कि यूपीए के शासनकाल में देश की अर्थव्यवस्था बहुत खराब स्थिति में थी, 15 बड़े घोटालों से देश की अर्थव्यवस्था बेहद खराब स्थिति में पहुंच गई थी, जबकि सरकार के पिछले दस साल के शासनकाल में इसमें बहुत सुधार हुआ है। पार्टी इन आंकड़ों की तुलना करते हुए लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणा पत्र में महत्त्वपूर्ण दावे कर सकती है हालांकि, यूपीए के शासनकाल पर श्वेत पत्र आने की चर्चा के बीच कांग्रेस ने मोदी सरकार के दस साल के शासनकाल में अर्थव्यवस्था की स्थिति पर ब्लैक पेपर लाकर अपनी चिंताओं को साझा किया है। पार्टी का दावा है कि केंद्र सरकार गलत दावे कर अर्थव्यवस्था की असली स्थिति छिपा रही है।श्वेत पत्र का एक महत्वपूर्ण बिंदु यह भी है कि एनडीए की सरकार के समय भी देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर बताया गया है। जबकि दावा है कि कुप्रबंधन के कारण यूपीए केशासनकाल में अर्थव्यवस्था की हालत खराब हुई। दावा यह भी है कि जिस समय दुनिया तेज निवेश से बेहतर विकास कर रही थी, यूपीए के शासनकाल में भारत ने इस अवसर को गंवा दिया।श्वेत पत्र में सिंह सरकार के कामकाज के समय कई घोटालों के होने का आरोप भी लगाया गया है। दावा है कि ऐसे कुप्रबंधन से खराब अर्थव्यवस्था के बीच ने देश की सत्ता संभाली और अर्थव्यवस्था को धीरे-धीरे बेहतर करने में सफलता पाई। कुप्रबंधन के कारण परियोजनाओं की लागत में वृद्धि हुई, जबकि 50 करोड़ बैंक खाते खोलकर सरकार ने बिना किसी भ्रष्टाचार के सहायता राशि शत प्रतिशत लाभार्थियों के खातों में पहुंचाई।श्वेत पत्र के पांचवें पेज पर ही इसे लाने का उद्देश्य भी बता दिया गया है। श्वेत पत्र में कहा गया है कि इसका उद्देश्य केंद्र द्वारा लाई गई नीतियों का जनता पर पड़ने वाले असर को लोगों तक पहुंचाना है। यानी केंद्र सरकार इसके जरिए अपना दस साल का रिपोर्ट कार्ड भी जनता के सामने रखना चाहती है। नीतियों को लाने के पीछे जनहित का उद्देश्य बताया गया है।।इस श्वेत पत्र में कहा गया है, 'साल 2014 में अर्थव्यवस्था संकट में थी, तब श्वेतपत्र प्रस्तुत किया जाता तो नकारात्मक स्थिति बन सकती थी और निवेशकों का आत्मविश्वास डगमगा जाता।लोकसभा में पेश किए गए श्वेत पत्र में आगे कहा गया है, 'बैंकिंग समस्या यूपी सरकार की सबसे बड़ी नाकामयाबियों में से एक थी. जब अटल बिहारी वाजपेयी की अगुवाई में एनडीए की सरकार बनी तब पब्लिक सेक्टर बैंकों का ग्रॉस एनपीए रेशियो 16.0 पर्सेंट था और जब सरकार का कार्यकाल खत्म हुआ तब यह 7.8 प्रतिशत था. सितंबर 2013 में यह रेशियो बढ़कर 12.3 प्रतिशत हो गया था क्योंकि पब्लिक सेक्टर बैंकों से लोन दिए जाने के मामले में राजनीतिक हस्तक्षेप किया गया। श्वेत पत्र में लिखा है, 'एनडीए सरकार ने पिछले 10 सालों में पिछली यूपीए सरकार द्वारा छोड़ी गई चुनौतियों पर सफलतापूर्वक काबू पाया. यूपीए सरकार आर्थिक गतिविधियों को सहूलियत दे पाने में बुरी तरह नाकाम रही, इसने बाधाएं खड़ी की जिससे अर्थव्यवस्था आगे बढ़ नहीं पाई. 2014 से पहले के दौर की हर एक चुनौती से एनडीए सरकार के आर्थिक प्रबंधन एवं शासन के जरिये निपटा गया।श्वेत पत्र में कहा गया है,यूपीए सरकार के 10 साल नीतिगत गड़बड़ियों और घोटालों से भरे हुए थे. उदाहरण के लिए-सार्वजनिक संसाधनों (कोल और टेलीकॉम स्पेक्ट्रम) की अपारदर्शी नीलामी हुई, बैंकिंग सेक्टर में चहेतों को गलत तरीके से लोन दिए गए. 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला हुआ जिसके तहत 122 टेलीकॉम लाइसेंस दिए गए और सीएजी के अनुमानों के मुताबिक 1.76 लाख करोड़ का नुकसान हुआ. सीडब्ल्यूजी और अन्य घोटाले भी हुए. ये दशार्ते हैं कि उस समय कितनी राजनीतिक अनिश्चितता थी और निवेश के मामले में भारत की कितनी खराब छवि थी।

साथियों बात अगर हम विपक्षी पार्टी द्वारा जवाब में ब्लैक पत्र जारी करने की करें तो, एक पार्टी ने पीएम के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ गुरुवार को एक ब्लैक पेपर जारी किया। इस पेपर में कांग्रेस ने तमाम मुद्दों के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताई गईं चार जातियां (गरीब, महिलाएं, युवा और किसान) पर फोकस किया है।

# ना जाने कहा खो गया हमारा वो सुकून, वो बेफिक्री

**(शाश्वत तिवारी)**

सिनेमा हॉल में देखिये, फिल्म का आखिरी सीन चल रहा है लगता है कि अब दो-चार मिनट में फिल्म खत्म हो जायेगी, लोग एग्जिट के पास जाकर खड़े हो जाते हैं, फिल्म खत्म होते ही ऐसे भागते हैं जैसे अब तक जेल में थे।

ट्रेन अगर अपने गंतव्य पर पहुँचने वाली हो तो लोग पंद्रह मिनट पहले सामान लेकर खानदान सहित दरवाजे पर ऐसे लद जाते हैं कि ट्रेन क्या पता रुके न रुके, धीमी होते ही बीवी बच्चों समेत कूद जाना है।

अभी कुछ दिन पहले मैंने देखा, ओपन एयर थिएटर में क्लासिकल म्यूजिक का प्रोग्राम था। लोगों को पता चल गया था कि ये आखिरी परफोर्मेंस है तो दस मिनट पहले कुछ कद्रदान ये कहते हुए निकल गए कि बाद में पार्किंग में भीड़ हो गयी तो गाडी फँस जायेगी, निकल लेते हैं। हमारे जीवन से धैर्य, तसल्ली, पेशेंस कहाँ चला गया? रील्स का जो ये ज्वालामुखी फटा है ये यही तो बता रहा है कि हम तीन मिनट का वीडियो भी शांति से नहीं देख सकते. हमें जानने की जल्दी तो है, सब कुछ जानना है लेकिन उसे समझने का धैर्य नहीं है।

डळ्ळ वगैरह पर एक नया आप्शन पैदा हुआ है जो वीडियो की गति बढ़ा देता है, 1७, 1.5७, 2७. यानी अगर आप दो घंटे की एक फिल्म 2७ स्पीड में देखेंगे तो वो जल्दी चलकर एक घंटे में खत्म हो जायेगी। उन्हें ये आप्शन देने की जरूरत इसीलिए ही तो पड़ी होगी कि कुछ लोग इस तरह फिल्म देख रहे होंगे।

सोचिये आप ह्यमुगल-ए-आजमह्ल का सलीम-अनारकली का प्रणय सीन देख रहे हैं बैकग्राउंड में तानसेन गा रहे हैं। अब इसे 2७ स्पीड में देखिये तानसेन तो हनी सिंह लगेंगे और सलीम-अनारकली टॉम एंड जेरी।

आप माने ना माने आज हमने अपनी जिंदगी से ठहराव खो दिया है। अब हम रुक कर नहीं सोचते, थम कर उस गाने को पूरा नहीं सुनते जो हमारी आत्मा तक पहुँचने की कुव्वत रखता है। ह्यसाहिब बीवी और गुलामह्ल जैसी क्लासिक फिल्म हमें स्लो लगती है। हम एक पांच सौ पेज की किताब नहीं पढ़ना चाहते इसलिए फेसबुक पर मैगी लेखकों का उदय हो रहा है जो आपको मोटी-मोटी किताबों में से कुछ उत्तेजक हिस्से निकाल कर पेश कर देते हैं और आपको लगता है हमने सब कुछ जान लिया। कहते हैं ऋङ्गी२ल्ल ३ी ाि३ंह्ल२ लेकिन ऋङ्गी को भी कहाँ पता था कि डिटेल्स जानने की फुर्सत लोगों के पास रहेगी नहीं। किताबें तो बहुत दूर की बात रही लोगों के पास इतना धैर्य नहीं बचेगा कि वो एक तीन पेज की फेसबुक पोस्ट पढ़ पायें। वैसे तो ढाई पेज की चेखव की ह्यवांकाह्ल पढ़ना ही काफी है अगर हम वांका के दर्द को महसूस कर पायें तो।

तसल्ली से एक बार थम कर, रुक कर, ठहर कर सोचिये कि ये जो जल्दी दिखा कर आप समय बचा रहे हैं इसका आप क्या उपयोग करने वाले हैं? जरा सोचिये कि ये जो जल्दी दिखा कर आप खो रहे हैं उसकी कीमत क्या है? सूचनाओं का ये अम्बार जो हमारे दिमाग में सतत खलल मचाये हुए है वो हमें कहीं रुकने नहीं दे रहा है। एक तीन पेज की कविता पढ़कर उसको अपनी आत्मा तक पहुँचने देना और फिर उससे एक बेहतर संवेदनशील इंसान बनकर निकलने का वक़्त नहीं है हमारे पास।

आपको और मुझे रुकने की जरूरत है। सब कुछ जानना हमारे लिए जरूरी नहीं है। हमारे पास वक़्त की कोई कमी नहीं है। हमने जो ये शिगूफा छेड़ रखा है ना कि टाइम नहीं है। ये बकवास बात है। बहुत वक़्त है हमारे पास, इसलिए रुकिए, ठहरिये और बैठ जाइए। सिनेमा हॉल से भागने की जरूरत नहीं है, ट्रेन से कूद कर कहीं नहीं जाना है, रिमोट को एक तरफ रखकर फिल्म को देखना है और किसी अच्छी किताब के दो पेज पढ़कर रूककर सोचना है कि क्या पढ़ा। क्षणों को अपने अन्दर आत्मसात नहीं किया तो रोबोट बन जायेंगे। बन क्या जायेंगे बन ही रहे हैं, आज आप का अपने ऊपर से कंट्रोल खत्म हो गया है कोई और ही है जो आप को कंट्रोल कर रहा है है। आप पूरी तरह टीवी, मोबाइल, लैपटॉप के कहने पर ही काम कर रहे है। एक मिनिट भी मोबाइल के बिना जीना मुश्किल है।

# प्राथमिक स्तर पर हल करें महिलाओं की समस्यायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने कोतवाली कर्वी में थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनी।

शनिवार को डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्यायें सुनकर अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। थाना दिवस में समस्या निस्तारण रजिस्टर देखा। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस व अन्य जनसुनवाई दौरान मिलने वाली समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशानुसार किया जाये। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें, ताकि लाभार्थी को संतुष्टि मिले।



कोतवाली कर्वी में फरियादियों को सुनते डीएम-एसपी।

शासन स्तर से समस्या निस्तारण बाबत समस्या ग्रस्त व्यक्ति से पूंछा भी जा रहा है। उन्होंने एसडीएम कर्वी को निर्देश दिये कि ईओ कर्वी व पुलिस की संयुक्त टीम शहर में फुटपाथ पर लगी दुकानों को अभियान चलाकर जब्त करें, नगर पालिका से जुमार्ना लगाने के बाद ही छोड़े। ईओ को निर्देश दिये कि फुटपाथों पर साइन बोर्ड भी लगवायें। एसडीएम कर्वी को निर्देश दिये कि कानूनगो व लेखपाल की संयुक्त टीम भेजकर निस्तारण करायें। महिलाओं के मामलों पर जोर देते हुए कहा कि परिवार परामर्श केंद्रो में प्राथमिक स्तर पर समस्याओं का समाधान करायें। इस मौके पर एसडीएम सदर सौरभ यादव, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, कर्वी कोतवाल अजित कुमार पांडेय समेत कानूनगो, लेखपाल मौजूद रहे।

# खोये बालक को सीओ की टीम ने किया बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर गुमशुदा की बरामदगी को जारी ऑपरेशन मुस्कान में क्षेत्राधिकारी मऊ राजकमल की टीम ने खोये बालक को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

ज्ञात है कि 24 जनवरी 2022 को मानिकपुर थाने के शिवनगर मोहल्ले की पूजा तिवारी पत्नी देवेन्द्र तिवारी ने थाने में सूचना दी कि उसका पुत्र विकास तिवारी उर्फ बाबू (14) घर से बिना बताये चला गया था, अभी तक नही लौटा है।


बालक को परिजनों के सुपुर्द करती पुलिस।

पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। क्षेत्राधिकारी मऊ राजकमल की टीम ने प्रयास कर गुमशुदा बालक को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। खोये विकास तिवारी उर्फ बाबू को पाकर परिजनों के चेहरे खिल उठे। पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पुलिस ने दबोचे दो वांछित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वारंटी/वांछित की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने दो वांछित दबोचे हैं। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी ने सिपाही राहुल पाण्डेय के साथ दहेज हत्या के वांछित राहुल सिंह पुत्र रणजीत सिंह निवासी पुराना अस्पताल कस्बा मऊ को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में मानिकपुर थाने के दरोगा रामेश्वर प्रसाद सिपाही शाकिर अली के साथ अपहरण के वांछित रोहित पुत्र लालमन कोल निवासी हरदिहा कोटा कंदैला को गिरफ्तार किया।

# सिंडिकेट ने फिर शुरू किया विभागों में लूट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में लघु सिंचाई विभाग ने चेकडैम/रपटा निर्माण में भारी धांधली बरत रहा है। कैबिनेट मंत्री का दबाव व जनप्रतिनिधि की संलिप्तता तथा नये-नवेले सफेदपोश नेता की ठेकेदारी के रौब के चलते लघु सिंचाई विभाग गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करा पा रहा। शनिवार को लघु सिंचाई विभाग के कार्यों की पोल खुली। बताया गया कि सिंडिकेट बनाकर फिर से जिले के विकास कार्यों में लूट शुरू हो गई है। ताजा मामला मानिकपुर ब्लॉक के कल्याणपुर गांव में बन रहे चेकडैमों व रपटों का है, ये निर्माण बरदहा नदी में हो रहे हैं। चेकडैम निर्माण कार्यों में अवैध ढंग से पत्थर तोड़ान कर राजस्व को क्षति पहुंचाई जा रही है। घटिया किस्म की सीमेंट का प्रयोग हो रहा है। स्थानीय डस्ट समेत गुणवत्ताविहीन सामग्री का प्रयोग निर्माण कार्य में हो रहा है। दूसरा मामला मऊ ब्लॉक के सेमरा गांव का है। यहां अवैध ढंग से पत्थर तोड़ान कर राजस्व को क्षति पहुंचाई जा रही है। चेकडैम निर्माण कार्य में धांधली बरती जा रही है। सरिया का जाल न बनाकर सीधे लोहे की सरियों को गाड़ा जा रहा है। इन कार्यों की तकनीकी जांच हो तो निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का खुलासा स्वतः हो जायेगा। लाखों-करोड़ों रुपये के बजट को डकारने की कवायद लघु सिंचाई विभाग के चहेते ठेकेदार कर रहे हैं। इस बात से लघु सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता प्रमोद कुमार मिश्र अंजान हैं। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। कहीं कोई अनियमितता नहीं हो रही। कहा कि मंत्री जी ने बजट दिया है, पूरी गुणवत्ता से कार्य हो रहे हैं। कोई भी सत्यापन या जांच करा सकता है।


अवैध टैक्सी स्टैण्ड हटाने को बैठक करते अधिकारी।

# बिना परमिट के नहीं चलेंगे वाहन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की मौजूदगी में थाना क्षेत्र में टैक्सी व ऑटो चालकों के साथ बैठक कर सही ढंग से वाहनों के संचालन की बात कही। शनिवार को थाने में हुई बैठक में एसडीएम व सीओ ने वाहन चालकों से कहा कि राजापुर के मुख्य चैराहों से अवैध टैक्सी स्टैण्ड तत्काल हटा लें। जिन वाहनों का सडक में चलने का परमिट नहीं है, ऐसे वाहनों का संचालन तत्काल बन्द किया जाये। ऐसा न करने पर पुलिस बिना परमिट के वाहनों का संचालन बन्द करायेगी। उन्होंने सभी चालकों से कहा कि जिन वाहनों का परमिट नहीं है। ऐसे वाहनों का संचालन बंद कराया जायेगा। बिना परमिट के चलने वाले वाहनों की जांचकर पुलिस चालान व सीज की कार्यवाही करेगी।

# विधायक के प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि हर माह मिलती है गौशालाओं को धनराशि

## जिले में आठ-आठ माह से नहीं मिली धनराशि

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने सदन में जिले में संचालित गौशालाओं में भूसा, चारा, पानी की चौकस व्यवस्था कराने बाबत प्रश्न उठाया। कहा कि आठ-आठ महीने से भुगतान न होने से प्रधान परेशान व हताश हैं। प्रधानों को तहसील, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालयों के भुगतान को चक्कर काटने पड़ते हैं।

शनिवार को विधायक के प्रश्न पर पशुधन मंत्री ने जवाब दिया कि महीने के पहले सप्ताह में गौशालाओं के भुगतान का नियम है। जिले में 8-8 माह से भुगतान नहीं हुआ। पिछले वित्तीय वर्ष में भी कई गांवों का महीनों से भुगतान नहीं हुआ। प्रधानों के अनुरोध पर आज तक कार्यवाही नहीं हुई। विधायक ने संग्रामपुर में मुनगी तिराहा शिवरामपुर-खोही मार्ग से संग्रामपुर वाया पीलीकोठी मप्र सीमा पर शून्य से लेपन तक सड़क निर्माण कराने की बात सदन में रखी। इस रास्ते से हजारों लोग तीर्थक्षेत्र में परिक्रमा व कामतानाथ के दर्शन को जाते हैं। ये मार्ग जर्जर है। विधायक ने अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश को केन्द्रीय/राजकीय विद्यालय की भांति श्रमिकों के बच्चों का प्रवेश कराने को कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन अनिल राजभर को पत्र लिखा है। इन विद्यालयों में प्रवेश के प्रतिबन्ध को हटाकर प्रतियोगी परीक्षा पास करने वाले श्रमिकों के बच्चों का मेरिट आधार पर केन्द्रीय एवं राजकीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय एवं सैनिक विद्यालय की


सदन में प्रश्न करते विधायक।

तरह प्रवेश लिया जाये। विधायक ने सदन में अध्यक्ष विधानसभा से कार्यवाही को लोनिवि मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। चित्रकूट में खोह रेलवे क्रासिंग पर रेलवे पुल निर्माण बन्द हो गया है। जाम लगा रहता है। जसरा-प्रयागराज में भी जाम की समस्या रहती है। दोनों जगह ब्रिज न होने से लोगों का जाम में दो घंटे तक समय खराब होता है।

विधायक ने जिले के विद्युतीकरण से छूटे मजरों इटखरी मजरा हरिजन बस्ती, अरछा बरेठी मजरा केवटन पुरवा, बक्टा बुजुर्ग मजरा सुरेश यादव का डेरा, बेराउर बांगर मजरा बरगदी पुरवा, जमहिल मजरा कोरिन पुरवा, लोहदा मजरा कमलेश राजपूत का डेरा, ओरा मजरा खैरिहा, भटरी मजरा हरिजन बस्ती, नोनार मजरा नोनार डेरा, इटरौर भीषमपुर मजरा राजा का पुरवा, देवकली मजरा चमारन पुरवा, भंभई के कुंजबिहारी पुत्र मोहन का पुरवा, धौरहीमाफी मजरा दुरविजय का पुरवा, करारी मजरा केवटन पुरवा, अमिलिहा के शारदा प्रसाद पुत्र कबीरदास की बस्ती व अशोक कुमार पुत्र मोतीलाल का पुरवा, सुदिनपुर के बस स्टाप अमिलिहा मोड़ से रसिन मोड़ तक, दहिनी मजरा तेजनिया पुरवा, समलिया पुरवा खुमान पुरवा व सिद्धगोपाल पुरवा, बालापुरमाफी मजरा चकभूपत रजौला के आंगनबाड़ी केन्द्र तक, उन्नाय बन्ना मजरा बघवारा मजरा बडकू प्रसाद यादव का पुरवा, भगनपुर मेन रोड से शिवकुमार पटेल के घर तक, रमेशचन्द्र पटेल के पुरवा से श्री हरी प्रसाद के पुरवा तक, ग्राम भैसौंधा मजरा सज्जन का पुरवा, चिल्लीमल मजरा-दुबे का पुरवा (जागेश्वर का पुरवा), ग्राम गडौली मजरा कोरिया, चैरा मजरा गाते का डेरा, तरॉव मजरा सियाराम यादव का पुरवा, भारतपुर (भरतकूप मंदिर के पास कुम्हार पुरवा), बगैहा मजरा रामस्वरूप पटेल का पुरवा, भैसौधा मजरा छिवलहा का पुरवा, गोंडा मजरा कोरारी, सुरवल मजरा नई बस्ती, पहाड़ी बुजुर्ग में रोड़ के किनारे पहाड़ी से लगभग डेढ़ किमी की दूरी पर कर्वी रोड़ पर विद्युतीकरण, कनकोटा मजरा बबुली का पुरवा, ढोलबजा में बैजनाथ के घर से रामभवन के घर तक, सगवारा मजरा गडरियन पुरवा, रसिन में रसिन मोड सुदिनपुर स्थित पुरानी बस्ती, फरैहन पुरवा मजरा भैसौंधा के सज्जन पयासी का पुरवा, ढोलबजा मजरा शिवमिलन का पुरवा, कनकोटा मजरा जग्गू निषाद का पुरवा, बलराम पुरवा मजरा भरथौल, दहिनी मजरा खुमानी पुरवा आदि पंचायतों के मजरों में विद्युतीकरण कराना जरूरी है।

# 12 को लगेगा किसान मेला

**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय ने जिले के सभी किसानों से कहा कि जिले में संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना 2023-24 के तहत दो दिवसीय किसान मेला जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला औद्योनिक मिशन के निर्देश पर 12 फरवरी को मंदाकिनी भवन कालूपुर में लगेगा। शनिवार को उन्होंने बताया कि औद्यानिक फसलों में नए-नए प्रयोगों की किसानों को जानकारी दी जाएगी। किसानों के मध्य संकर सागभाजी बीज वितरण कार्य भी होगा। बीज प्राप्त करने वाले किसानों को आधार कार्ड, खतौनी, बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा विभागीय ऑनलाइन पंजीयन की पावती की छायाप्रति देनी होगी। खुद विभाग में आकर चयनित फसल व क्षेत्रफल के अनुसार बीज प्राप्त कर सकते हैं।

# समीक्षा अधिकारी परीक्षा में सतर्कता से करें ड्यूटीः एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने 11 फरवरी को होने वाली समीक्षा अधिकारी परीक्षा ड्यूटी में पुलिस बल को चेताया कि परीक्षा ड्यूटी में सतर्कता से ड्यूटी करें।

शनिवार को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने 11 फरवरी को समीक्षा अधिकारी परीक्षा में लगे पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को तय समय से ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर ड्यूटी करने के निर्देश दिये। कहा कि जांच व


बैठक में निर्देश देते एसपी।

फिक्सिंग में लगी पुलिस शालीनता से अभ्यर्थियों की तलाशी लेंगे। कोई भी प्रतिबंधित वस्तु किसी दशा में परीक्षा केन्द्र के अन्दर नहीं जाने देंगे। सभी परीक्षा केन्द्र के गेट पर परीक्षा शुरू होने से दस मिनट पहले बंद कर दिये जायेंगे। बैठक में सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ मऊ जयकरन सिंह, सीओ कार्यालय/यातायात राजकमल आदि मौजूद रहे।

# जबरदस्त दुकानदारों के आगे ईओ के आदेश बौने

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद कर्वी के अधिशाषी अधिकारी लालजी यादव के बस स्टैंड-धनुष चैराहा से लेकर पुरानी बाजार चैराहे तक राजमार्ग पर अवैध अतिक्रमण हटाने के बाद पुनः अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर लिया है।

शनिवार को नगर पालिका ईओ लालजी यादव ने कहा कि उन्होंने अवैध अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को कई बार नोटिस दी है। सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा नगर पालिका खुद अतिक्रमण हटायेगी। बस स्टैंड पर प्रिंस मोबाइल दुकान के सामने बडे पैमाने पर अवैध कब्जा अब भी किये हैं। नोटिस देने के बाद भी ये अवैध कब्जा नहीं हटा रहा। शुक्रवार को पालिका के अभियान दौरान इसने कुछ देर को अवैध कब्जा हटाया था। आज फिर से अवैध ढंग से अवैध कब्जा कर सडक तक दुकान का सामान फैलाये देखा गया। ईओ ने चेताया कि अवैध अतिक्रमण न हटाने पर प्रतिदिन के हिसाब से दस हजार की धनराशि बतौर जुमार्ना अदा करनी होगी। ईओ के निर्देश के बाद भी अवैध अतिक्रमण नहीं हटा और न प्रिंस मोबाइल को दस हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जुमार्ना हुआ है। ऐसे में ईओ के आदेश जबरदस्त किस्म के दुकानदारों के आगे बौने साबित हो रहे हैं।


पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

# तीन जुआरियों को रंगेहाथ दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय व चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह की अगुवाई में दरोगा मेवालाल मौर्या की टीम ने ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते तीन लोगों को दबोचा है। शनिवार को सीतापुर चैकी के दरोगा मेवालाल मौर्या की टीम ने अभिषेक गिरि पुत्र शंकर गिरि निवासी राघवपुरी, अशोकगिरि पुत्र स्व सेवागिरि निवासी चैगलिया व लल्लू पुत्र आनंदी कुशवाहा निवासी कछियाना राघवपुरी को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 1240 रुपये व ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी में 290 रुपये बरामद किये। जुआरियों पर कोतवाली कर्वी में जुआ अधिनियम में चालान किया है। टीम में दरोगा मेवालाल मौर्या, सिपाही अभिषेक प्रताप सिंह व शिवपूजन शामिल रहे।

# सुर्खियों में छाया है पहाडी थानाध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में इन दिनों पहाड़ी थानाध्यक्ष श्याम प्रताप पटेल खासी सुखिंर्या बटोर रहे हैं। शाम ढलते ही पहाड़ी थाना क्षेत्र में अवैध ढंग से ट्रैक्टरों से बालू ढुलान शुरू हो जाता है। शनिवार को पहाडी थानाध्यक्ष की हरकतों का खुलासा हुआ। बताया गया कि थाने के सामने से ही तीन से पांच हजार रुपये टैज्क्टरों से इंट्री लेकर धडल्ले से अवैध ढंग से बालू ढुलान किया जा रहा है। थाना प्रभारी के कारखास बने सिपाही पर वसूली की जिम्मेदारी है। कारखासी व अवैध खनन के ट्रैक्टर चलवाने के लिए थानाध्यक्ष सुर्खियों में है।

थाना प्रभारी की इन कारगुजारियों से पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की ईमानदाराना छवि धूमिल हो रही है। लोगों ने मांग किया कि थानाध्यक्ष की जांच करा लें, तो मामला साफ हो जायेगा।

# पुलिस ने दुष्कर्म पीडिता से क्यों कराया समझौता

## पीडिता की मां ने थाना दिवस में लगाई न्याय की गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नाबालिग बालिका से दुष्कर्म मामले में थाना दिवस में पीड़िता की मां ने पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

ये मामला राजापुर थाना समाधान दिवस में शनिवार को सामने आया। बताया गया कि क्षेत्र के एक गांव की पीडिता ने 15 वर्षीय पुत्री के साथ गांव के ही हरिओम व रामबाबू निषाद पुत्र रामलखन निषाद पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। मां ने बताया कि हरिओम बहला- फुसलाकर नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। मोबाइल पर आपत्तिजनक फोटो खींची। आरोपी हरिओम के सगे भाई रामबाबू ने पीड़िता को फोटो दिखाकर दबाव बनाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने परिजनों को जानकारी दी। विरोध पर आरोपियों ने पुत्री की आपत्तिजनक फोटो वायरल कर दिया। पीड़िता की मां ने छह फरवरी को मामले की शिकायत की। पुलिस ने दबाव बनाकर आरोपियों से सुलहनामा कर पीडिता से अंगूठा लगवा लिया। सुलहनामा पर अंगूठा लगवाने के बाद आरोपी पुत्री को जबरन उठा ले जाने की धमकी दे रहे हैं। परेशान पीड़िता की मां ने थाना दिवस में पत्र देकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है। इस मामले में थाना प्रभारी राजापुर ने कहा कि महिला ने आरोपियों से दस हजार रुपये लेकर सुलह कर लिया था। रुपये शेष थे। इसी बात को लेकर दुबारा थाने आई है। मजे की बात ये है कि गंभीर मामलों में पुलिस के आरोपियों से समझौते का प्रश्न समझ से परे है।

# प्रचार-प्रसार के अभाव में दम तोड देते हैं पर्यटन कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्री चित्रकूटधाम तीर्थ विकास परिषद के पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव तीर्थ क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने के मामले में फ्लाप साबित हो रहे हैं। पिछले दो कार्यक्रम इन्होंने करवाये थे, कार्यक्रम दौरान कुर्सियां खाली देखी गई थीं। शनिवार को पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव की बाबत जानकारी मिली कि तीर्थक्षेत्र में जो भी पर्यटन को बढावा देने बाबत कार्यक्रम होते हैं, वे प्रचार-प्रसार के अभाव में दम तोड देते हैं।


पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव।

पर्यटन अधिकारी की आम जनता से दूरी बनाने के चलते क्षेत्र में उनकी कोई पकड नहीं है। यहां तक कि उन्हें पत्रकार भी नहीं पहचानते। ऐसे में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार का सवाल ही नहीं उठता।

पर्यटन अधिकारी क्षेत्र में योगी सरकार के भारी -भरकम धनराशि देने के बाद भी पर्यटन विकास भी समय से नहीं करा पा रहे। कामतानाथ परिक्रमा के सभी सीसीटीवी कैमरे खराब पडे हैं। कामतानाथ का टीनशेड भी तकरीबन ध्वस्त सा है। वे अपना कार्यालय तो राही पर्यटन में बनाये हैं। आवास रामदर्शन में बनाये हैं। कार्यालय जाने पर उनसे जल्दी भेंट नहीं होती। तीर्थक्षेत्र में पर्यटन बाबत तकरीबन उनकी रुचि नहीं है, जो है भी- वह समझ से परे है।

# आम-खास कसे कमर, तभी बचेगी नदी

## गंदगी-प्रदूषण से कराह रही नदी की सफाई में जुटेगी बुंदेली सेना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मंदाकिनी नदी इन दिनों प्रदूषण व गंदगी से कराह रही है। आलम ये है कि कर्वी के घाट व तीर्थक्षेत्र में नयागांव रपटा से लेकर बूढे हनुमानजी मंदिर तक लाल रंग की जलीय काई से नदी पटी है। चोई व चारे का अम्बार लगा है।

शनिवार को बुंदेली सेना ने फिर से नदी सफाई अभियान शुरू करने की ठानी है। मंदाकिनी को साफ- स्वच्छ बनाने का लक्ष्य रखा है। बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि


लाल काई से पटी पडी नदी।

मंदाकिनी नदी में साल-दरसाल पानी कम होता जा रहा है। नदी उद्गम स्थल से ही पानी कम आ रहा है, हर साल नदी में नई समस्यायें खडी हो रही हैं। पिछले वर्ष नदी सफाई की जरूरत अप्रैल के आसपास होती थी। इस बार जनवरी के दूसरे पखवाडे से ही नदी में प्रदूषण की समस्या बढ़ी है। पहले लाल काई की समस्या कम थी। इस वर्ष पानी में उतरा रही काईनुमा घास ने नदी को पाट दिया है। कर्वी में मुक्तिधाम से लेकर इंटेकवेल तक नदी ढक गई है। यही हाल कई किमी क्षेत्र का है। सीतापुर में नयागांव रपटा से लेकर बूढे हनुमानजी मंदिर तक चोई-चारे से नदी की सीढ़ियां व घाट पटे पड़े हैं। ऐसे में अब नदी सफाई अभियान बुंदेली सेना जल्द शुरू करेगी। कार्य योजना बनाकर सफाई शुरू होगी, ताकि पूरी नदी को साफ-स्वच्छ किया जा सके। अजीत सिंह ने उन संगठनों का जो नदी को लेकर आरोप-प्रत्यारोप व बयानबाजी तक सीमित है, उनसे भी बिना समय गंवायें नदी सफाई अभियान शुरू करने का आवाहन किया। बताया कि नदी को लेकर सबको जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। ये किसी की व्यक्तिगत थाती नहीं है। जितना बन पड़े नदी की सेवा जरूरी है। जो सफाई नहीं कर सकते, वे नदी में पालीथिन, कचरा, गंदगी न फेंके, यही उनकी नदी सफाई अभियान में आहुति होगी। जल है तो कल है, नदी से ही कर्वी और तिरहार के लाखों लोगों का जीवन निर्भर है। नदी बचाने को हर आम खास को कमर कसनी होगी, तभी नदी बचेगी।

# सड़क सुरक्षा माह के परिपेक्ष्य में यातायात पुलिस ने चलाया सघन वाहन चैकिंग अभियान

चित्रकूट । शनिवार को सड़क सुरक्षा माह अभियान के परिपेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे क्षेत्राधिकारी यातायात राज कमल के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी श्री शैलेन्द्र सिंह द्वारा कर्वी शहर के धनुष चौराहा बेड़ी पुलिया, चकरेही चौराहा, गल्ला मण्डी गेल. पटेल तिराहा आदि प्रमुख मार्गो चौराहों पर ओवर लोड़ वाहनों, दो पहिया वाहनों में बिना हेलमेट व चार पहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट लगाए, वाहनों की चैकिंग की गयी जिसमें 105 वाहनों से 1.72,000 हजार रुपये का ई-चालान किया गया ।

## अमेरिका में रेस्तरां के बाहर मारपीट में घायल भारतीय की मौत

**इंटरनेशनल डेस्क.** अमेरिका में हाल में भारतीय मूल के लोगों पर हमले की एक के बाद एक कई चिंताजनक घटनाएं सामने आई हैं। इसी क्रम में वाशिंगटन के एक रेस्तरां के बाहर झगड़े के दौरान पीटे जाने के कारण घायल हुए भारतीय मूल के 41 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। जांचकर्ताओं ने बताया कि शोटो रेस्तरां के बाहर 'फिफ्टीन्थ स्ट्रीट नॉर्थवेस्ट' के 1100 ब्लॉक पर दो फरवरी को देर रात करीब दो बजे इस घटना के संबंध में पुलिस को सूचना मिली जिसके बाद पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे और उन्होंने विवेक तनेजा नाम के भारतीय मूल के व्यक्ति को फुटपाथ पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाया।उसे अस्पताल ले जाया गया। वाशिंगटन डीसी के एक टेलीविजन स्टेशन 'डब्ल्यूयूएसए' के अनुसार, प्रारंभिक जांच में



पता चला है कि तनेजा और एक अज्ञात व्यक्ति के बीच किसी बात पर हुई बहस हाथापाई में बदल गई और आरोपी ने तनेजा को जमीन पर गिराकर उसका सिर फुटपाथ पर मारा। गंभीर रूप से घायल तनेजा की बुधवार को अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की तलाश कर रही है। आरोपी की फुटेज सीसीटीवी से प्राप्त कर ली गई है। तनेजा 'डायनेमो टेक्नोलॉजीज' के सह-संस्थापक और अध्यक्ष थे। इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका के शिकागो शहर में भारतीय छात्र सैयद मजाहिर अली पर लुटेरों ने हमला किया था। इससे पहले जॉर्जिया के लिथोनिया शहर में नशे के आदी एक व्यक्ति ने 25 वर्षीय भारतीय छात्र विवेक सैनी की हथौड़े से वार कर हत्या कर दी थी। अमेरिका में इस साल भारतीय मूल के चार अन्य छात्रों की मौत हुई है।

## ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री से मिले जयशंकर, हिंद-प्रशांत सहित कई मुद्दों पर की चर्चा



**सिडनी.** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से शुक्रवार को मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी, हिंद-प्रशांत क्षेत्र, पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर शुक्रवार से हिंद महासागर पर केंद्रित दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलियाई शहर पर्थ में हैं। जयशंकर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग और सिंगापुर के अपने समकक्ष विवियन बालाकृष्णन के साथ शामिल हुए।

जयशंकर ने बैठक की कुछ तस्वीरों के साथ 'एक्स पर पोस्ट किया, ''आज पर्थ में ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से मिलकर खुशी हुई। हम हिंद महासागर पर केंद्रित सातवें सम्मेलन के लिए यहां आए हैं। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी और हिंद महासागर से संबंधित मामलों पर सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, ''पर्थ में सातवें हिंद महासागर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में श्रीलंकाई राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, ऑस्ट्रलियाई विदेश मंत्री वोंग और सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बाला से मिलकर खुशी हुई। हिंद महासागर सम्मेलन इस क्षेत्र के देशों के लिए एक प्रमुख परामर्शदात्री मंच है, जो विदेश मंत्रालय द्वारा 'इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में एक बयान में कहा था कि सम्मेलन का सातवां संस्करण ऑस्ट्रेलियाई सरकार के विदेश मामलों और व्यापार विभाग के साथ-साथ सिंगापुर के एस. राजरत्नम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज तथा पर्थ-यूएस एशिया सेंटर के सहयोग से 9 और 10 फरवरी को पर्थ में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के इस संस्करण का विषय ''एक स्थिर और टिकाऊ हिंद महासागर की ओर%% है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि सम्मेलन में 22 से अधिक देशों के मंत्रियों और 16 देशों के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल और छह बहुपक्षीय संगठन एक साथ आएंगे।

# मलेशिया की शीर्ष अदालत ने शरिया आधारित कानून किए रद्द, कट्टरपंथी मुस्लिम हुए खफा

**मलेशिया की शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को केलंतन राज्य द्वारा बनाए गए शरिया आधारित करीब एक दर्जन कानूनों को रद्द करते हुए कहा कि ये संघीय...**



**कुआलालंपुर. एजेंसी** मलेशिया की शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को केलंतन राज्य द्वारा बनाए गए शरिया आधारित करीब एक दर्जन कानूनों को रद्द करते हुए कहा कि ये संघीय प्राधिकार में अतिक्रमण करते हैं। इस फैसले की इस्लामिक कट्टरपंथियों ने निंदा की है, क्योंकि उन्हें डर है कि इससे देश भर में धार्मिक अदालतें कमजोर हो सकती हैं। नौ सदस्यीय संघीय न्यायालय ने 8-1 के बहुमत से विपक्ष द्वारा संचालित केलंतन राज्य सरकार द्वारा बनाए गए 16 कानूनों को अमान्य करार दिया, जिसमें कुकर्म, यौन उत्पीड़न, अनाचार और 'क्रॉस ड्रेसिंग% (विपरीत लिंग से संबंधित कपड़े पहनना) से लेकर झूठे सबूत देने तक के अपराधों के लिए दंड का प्रावधान किया गया था। अदालत ने कहा कि राज्य इन विषयों पर इस्लामी कानून नहीं बना सकते, क्योंकि वे मलेशियाई संघीय कानून के अंतर्गत आते हैं।

मलेशिया में दो स्तरीय कानून प्रणाली है, जिसमें शरिया के तहत मुस्लिमों के व्यक्तिगत और पारिवारिक मामले आते हैं और सिविल कानून भी हैं। मलय जातीय समूह की परिभाषा के तहत सभी लोगों को मलेशियाई कानून के तहत मुस्लिम माना जाता है। देश की 3.3 करोड़ आबादी में से दो तिहाई आबादी मलय जातीय समूह की है, जबकि बड़ी संख्या में चीनी और भारतीय अल्पसंख्यक भी देश में रहते हैं। शरिया इस्लामी कानून है, जो कुरान और हदीस पर आधारित हैं। अदालत में कानूनों को चुनौती 2020 में ग्रामीण पूर्वोत्तर राज्य केलंतन की दो मुस्लिम महिलाओं ने दी थी।

राज्य की कुल आबादी में 97 प्रतिशत मुस्लिम हैं। केलंतन पर 1990 से रूढ़िवादी पैन-मलेशियाई इस्लामिक पार्टी या पीएएस का शासन रहा है। पीएएस के सैकड़ों समर्थक शुक्रवार को अदालत के बाहर जमा हो गए और शरिया कानूनों की रक्षा करने की मांग की। पीएएस के महासचिव तकियुद्दीन हसन ने फैसले के बाद अदालत की इमारत के बाहर संवाददाताओं से कहा, ''आज हम बहुत दुखी हैं।

यह इस्लामिक शरिया कानून के लिए काला शुक्रवार है। उन्होंने कहा, '' जब एक इलाके के लिए शरिया कानून अवैध हो गया, तो इसका अभिप्राय है कि अन्य राज्यों के शरिया कानूनों को भी यही खतरा हो सकता है। पीएएस मलेशियाई संसद में विपक्ष में है और यह सबसे बड़ी पार्टी है। पार्टी का मलेशिया के 13 में से चार राज्यों पर शासन है। पीएएस सख्त इस्लामी कानूनों का समर्थन करती है। वह हुदूद नामक आपराध संहिता लागू करने की मांग कर रही थी, जिसमें चोरी के लिए अंग-भंग और व्यभिचार के लिए पत्थर मारकर हत्या जैसे दंड शामिल थे। इसे संघीय सरकार ने अवरुद्ध कर दिया था।

## बाइडेन की रणनीति ने अमेरिका एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बनाया अधिक सुरक्षित व समृद्ध : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन.** अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को कहा कि हिंद प्रशांत रणनीति के कार्यान्वयन ने अमेरिका और इस अहम क्षेत्र को अधिक सुरक्षित एवं अधिक समृद्ध बनाया है तथा भारत के साथ द्विपक्षीय साझेदारी को अभूतपूर्व तरीके से बढ़ाया है। व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन की हिंद-प्रशांत रणनीति की दूसरी वर्षगांठ पर संवाददाताओं से कहा, ''अमेरिका हिंद-प्रशांत में पहले कभी इतनी



मजबूत स्थिति में नहीं रहा।

उन्होंने कहा, ''पिछले दो साल में हमने ऐसे हिंद प्रशांत की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति की है जो स्वतंत्र और खुला, जुड़ा हुआ, समृद्ध, सुरक्षित और लचीला है। राष्ट्रपति बाइडन के नेतृत्व की वजह से अमेरिका हिंद-प्रशांत में इस समय जितनी मजबूत स्थिति में है, वैसी स्थिति पहले कभी नहीं रही।

वॉटसन ने कहा कि अमेरिका ने हिंद-प्रशांत रणनीति की शुरुआत के बाद से दो साल में अपने गठबंधनों और साझेदारियों में फिर से निवेश किया है और वह उन्हें फिर से मजबूत करके नयी ऊंचाइयों पर ले गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने जापान, कोरिया गणराज्य, ऑस्ट्रेलिया, फिलीपीन, थाईलैंड, वियतनाम, इंडोनेशिया और आसियान देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है और भारत के साथ अपनी साझेदारी का अभूतपूर्व तरीके से विस्तार किया है।

## फ्लोरिडा हाइवे पर क्रैश हुआ प्राइवेट जेट, हादसे में दो लोगों की मौत

**नेशनल डेस्क.** फ्लोरिडा हाइवे पर बीते दिन एक प्राइवेट जेट क्रैश हो गया है। इसमें दो लोगों के मौत की खबर सामने आई है। संघीय विमानन प्रशासन ने इस घटना की जानकारी देते हुए एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, बॉम्बार्डियर चैलेंजर 600 में 5 लोग मौजूद थे जब लगभग दोपहर को 3 बजकर 15 मिनट पर नेपल्स के इंटरस्टेट 75 के पास ये क्रैश हो गया. हवाईअड्डे के प्रवक्ता रॉबिन किंग ने एक बयान में बताया, नेपल्स म्यूनिसिपल हवाईअड्डे पर



विमान के उतरने से दो मिनट पहले, पायलट ने रेडियो से हवाई यातायात नियंत्रण को बताया कि ÷उसके दोनों इंजन खराब हो गए हैं और उसने इमरजेंसी लैंडिंग का अनुरोध किया है. घटनास्थल की वीडियो और तस्वीरें सामने आई हैं, जिससे यह पता चलता है कि दक्षिण-पश्चिमी फ्लोरिडा के खाड़ी तट पर नेपल्स के पास इंटरस्टेट 75 पर दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद विमान में आग लगी थी।

## कनाडा में खालिस्तानी आतंकी निज्जर के सहयोगी के घर पर हमला मामले में दो किशोर गिरफ्तार

**इंटरनेशनल डेस्क.** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के सहयोगी सिमरनजीत सिंह के घर पर कनाडा में पिछले हफ्ते की गई गोलीबारी के मामले में पुलिस ने दो किशोरों को गिरफ्तार किया है। एक फरवरी को रात 1.21 बजे सरे स्थित सिमरनजीत सिंह के घर पर कई गोलियां चलाई गईं थीं।

सिमरनजीत सिंह पिछले साल जून में सरे में ही मारे गए खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर का खास आदमी है। इस मामले में रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (RCMP) की सरे इकाई ने गुरुवार को कहा कि 6 फरवरी





को 140 स्ट्रीट के 7,700 ब्लॉक में एक घर की तलाशी ली गई, जिसमें तीन आग्नेयास्त्र और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। इसके साथ ही सरे के दो 16 वर्षीय किशोरों को हथियारों के लापरवाही से इस्तेमाल करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। RCMP कॉर्पोरल सरबजीत के संघा ने कहा कि दो और युवकों को बिना किसी आरोप के रिहा कर दिया है। पुलिस ने कहा कि वे गोलीबारी के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए मामले में और जानकारी जुटा रहे हैं।बता दें कि सिमरनजीत सिंह वही शख्स है, जिसने 26 जनवरी को वैंकुवर में भारतीय दूतावास के बाहर प्रदर्शन का आयोजन करवाया था।

ब्रिटिश कोलंबिया गुरुद्वारा परिषद के प्रवक्ता और कनाडा के एक प्रमुख अलगाववादी नेता मोनिंदर सिंह ने पिछले दिनों सीबीसी न्यूज को बताया था कि सिमरनजीत सिंह को लग रहा है कि उसके घर पर हमला करवाने में भारत या उसके सहयोगियों का हाथ है, ताकि उन्हें डराया जा सके।

## राम मंदिर पहुंचे श्रीलंका के सांसद नमल राजपक्षे, दोनों देशों में मज़बूत संबंध होने की कही बात

**इंटरनेशनल डेस्क.** अयोध्या के राम मंदिर में सैंकड़ों की संख्या में भक्त प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। भारतीयों के साथ-साथ विदेशी भक्त भी मंदिर में दर्शन कर रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद सबसे पहले सूरीनाम और नेपाल के डेलिगेशन ने रामलला के दर्शन किए थे। उसके बाद 8 फरवरी को फिजी के उप प्रधानमंत्री विमान प्रसाद ने देश के प्रतिनिधिमंडल के साथ रामलला के दर्शन किए थे। 9 फरवरी यानि की शुक्रवार को श्रीलंका के सांसद नमल राजपक्षे ने भी अयोध्या में भगवान राम के दर्शनों के लिए आए थे। इस पर उन्होंने खुशी जताते हुए भारत और श्रीलंका के मध्य रिश्ते मज़बूत होने की बात कही।

**नमल राजपक्षे ने पीएम मोदी की तारीफ-**

श्रीलंका के सांसद नमल राजपक्षे ने भगवान राम के दर्शन के बाद पीएम मोदी की भी तारीफ की है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि, ÷मैं और मेरी पत्नी यहां आकर और भगवान का आशीर्वाद पाकर बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं, क्योंकि हम श्रीलंका से आते हैं जो रामायण का हिस्सा था। बौद्ध संस्कृति, हिन्दू संस्कृति से जुड़े रहने के कारण हमें यहां आकर खुशी हो रही है।

## पाक में सियासी तस्वीर बदलते ही इमरान खान को बड़ी राहत, 12 मामलों में कोर्ट ने दी जमानत

**बीते साल मई में हुई हिंसा से जुड़े 12 मामलों में इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी को जमानत मिली है। हालांकि**



निर्दलीय ही चुनाव लड़ा था। वहीं नवाज शरीफ ने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि पीएमएल-एन और पीपीपी मिलकर सरकार बनाने को सहमत भी हो गए हैं।

बता दें कि बीते साल 9 मई को हुई हिंसा को लेकर इमरान खान समेत पीटीआई के कई अन्य नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। दरअसल इस्लामाबाद में इमरान खान की गिरफ्तारी हो गई थी। इसके बाद उनके समर्थकों ने हिंसक प्रदर्शन शुरू कर दिया। इमरान के समर्थक रावलपिंडी में सेना के परिसर में घुस गए और जमकर तोड़फोड़ की। आरोप था कि इमरान खान के जमन पार्क स्थित आवास के बाहर पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी की गई। इसके अलावा लाहौर के पुलिस थाने पर भी हमला किया गया।

हिंसा के बाद इमरान खान के 100 से ज्यादा समर्थकों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं 2022 में इमरान खान की सरकार गिर गई। इसके बाद कई मामलों में उन्हें दोषी करार दिया गया और कई साल कैद की सजा सुना दी गई। कोर्ट ने इमरान खान को चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित करदिया। वहीं उनकी पार्टी का निशान बैट भी जब्त कर लिया गया। तोशाखाना केस में इमरान खान को तीन साल की सजा सुनाई गई थी।

हाई कोर्ट ने उनकी सजा रद्द कर दी लेकिन तब तक दूसरे मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में उन्हें 10 साल कैद की सजा सुनाई गई। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पाकिस्तान में पीटीआई के उम्मीदवारों ने 100 से ज्यादा सीटें जीत ली हैं। हालांकि यह आंकड़ा बहुमत से कम है।

पाकिस्तान में कुल 265 सीटों पर चुनाव कराए गए थे। ऐसे में सरकार बनाने के लिए कम से कम 133 सीटों की जरूरत है जो कि किसी भी पार्टी के पास नहीं हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## पाकिस्तान में नवाज सरकार? शहबाज और बिलावल गठबंधन के लिए तैयार, इमरान खान को झटका

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद धीमी गति से जारी मतगणना की प्रक्रिया शनिवार को पूरी होने के करीब है, मगर किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत मिलता प्रतीत नहीं हो रहा है। इस बीच, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने मिलकर गठबंधन सरकार बनाने का ऐलान कर दिया है। दोनों पार्टियां केंद्र और पंजाब में गठबंधन सरकार बनाने पर सहमत हुई हैं। शहबाज शरीफ की बिलावल भुट्टो और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात के बाद यह घोषणा की गई। इस तरह, नकदी संकट से जूझ रहे देश में राजनीतिक स्थिरता अब भी पूरा न होने वाला सपना लग रही है। रिपोर्ट के अनुसार, पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ के भाई पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी के आवास पर नेताओं से मुलाकात की। पार्टी सूत्रों ने बताया कि शहबाज ने जरदारी से सरकार गठन पर चर्चा की और नवाज शरीफ का संदेश भी पहुंचाया। यह मुलाकात करीब 45 मिनट तक चली। इस दौरान





शहबाज ने बिलावल भुट्टो और उनके पिता आसिफ अली जरदारी को पाकिस्तान में राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता के लिए क्क्रूह नेतृत्व के साथ आने को कहा। सूत्रों के हवाले बताया गया कि दोनों पीपीपी नेता केंद्र और पंजाब में सरकार बनाने पर सहमत हुए हैं। दोनों के बीच एक और बैठक होगी और सत्ता-बंटवारे के फॉर्मूले को अंतिम रूप दिया जाएगा। यह देखना होगा कि कौन सा पद संभालता है और प्रधानमंत्री की कुर्सी किसे मिलती है।**मतों में हेर-फेर किए जाने की आशंका**

मालूम हो कि नेशनल असेंबली की 336 सीट में से 266 पर ही मतदान कराया जाता है, लेकिन बाजौर में हमले में एक उम्मीदवार की मौत हो जाने के बाद इस सीट पर मतदान स्थगित कर दिया गया था। अन्य 60 सीट महिलाओं के लिए और 10 अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित हैं। ये जीतने वाले दलों को आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर आवंटित की जाती हैं। नई सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 265 सीट में से 133 सीट जीतनी होंगी। आम चुनावों के लिए मतदान गुरुवार शाम 5 बजे समाप्त हुआ था और इसके तुरंत बाद मतों की गणना शुरू हो गई। उम्मीद थी कि मतगणना के परिणाम शुक्रवार सुबह तक उपलब्ध हो जाएंगे लेकिन परिणाम की घोषणा में देरी के बाद मतों में हेर-फेर किए जाने की आशंका को बल मिला।

**250 सीट पर मतगणना पूरी**

पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के अनुसार, नेशनल असेंबली की 250 सीट पर मतगणना पूरी हो चुकी है और निर्दलीय उम्मीदवारों ने सर्वाधिक 99 सीट जीती हैं। इनमें से अधिकतर उम्मीदवार पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ की ओर से समर्थित हैं।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने 71, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने 53 सीट और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट ने 17 सीट पर जीत हासिल की है। निर्दलीय उम्मीदवार भले ही खान की पार्टी के समर्थन से चुने गए हैं लेकिन वे किसी भी दल में शामिल हो सकते हैं, जिसके